# नृत्य प्रतियोगिता एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ शुरू हुआ कोरांव महोत्सव

**1 जनवरी से 3 जनवरी तक चलेगा कोरांव महोत्सव शुरुआत के दिन नि:शुल्क जांच शिविर का भी कैंप लगा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज । गायन नृत्य प्रतियोगिता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ नव वर्ष 2026 के साथ कोरांव महोत्सव की शुरुआत हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी शुरुआत हुई यह महोत्सव कार्यक्रम 1 जनवरी से 3 जनवरी तक चलेगा महोत्सव शुरुआत के दिन निःशुल्क जांच शिविर का भी कैंप लगा हुआ था जिसमें आंखों की जांच समेत हर तरह के बीमारी के प्रशिक्षित डॉ द्वारा मरीजों का उपचार व दवा उपलब्ध कराया गया कैंप में शामिल डॉ हरिश्चंद्र सिंह मांडा वाली रोड, डॉ हरिहर प्रसाद जैसल जीवन रक्षा क्लीनिक, डॉ हेमंत कृष्ण मौर्य, डॉ शिखा मौर्या , गुलाब मेडिकल स्टोर डॉ एके तिवारी समेत अन्य डॉ मौजूद रहे इस महोत्सव कार्यक्रम को देखने के लिए भारी संख्या में महिला पुरुष छोटे छोटे बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए यह कार्यक्रम संस्कृत पाठशाला शिव मंदिर के प्रांगण में चल रहा है अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया जिससे पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला इस कार्यक्रम के संस्थापक कृष्ण मुरारी उर्फ शशि द्विवेदी ने कोरांव महोत्सव की शुरुआत की थी महोत्सव कार्यक्रम के पहले दिन ही क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल , पूर्व नगर कोरांव अध्यक्ष नर सिंह केशरी उर्फ गोपाल केशरी ने पुरस्कार प्रमाण पत्र कोरांव महोत्सव का देकर मनोबल बढ़ाया जिससे और ऊंचाइयों तक पहुंचे,इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि के साथ साथ क्षेत्र के सम्मानितगण भोला पांडेय, कवि बबलू सिंह बहियारी , गणेश मिश्र, चंद्र भूषण तिवारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद समेत आदि लोग मौजूद रहे

# निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का दयालु ने किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नववर्ष के प्रथम दिन गुरुवार को बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए गोदौलिया स्थित तांगा स्टैंड पर आयुष विभाग द्वारा निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दर्शनार्थियों, पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को त्वरित व प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर का शुभारंभ आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. रचना श्रीवास्तव तथा क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने आयुष मंत्री को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी तीनों चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा



दर्शनार्थियों, सैलानियों एवं काशीवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल 1015 मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर प्रातः सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहा। इस दौरान उदर रोग, गठिया, मधुमेह, मौसमी एवं ऋतुजनित रोगों से पीड़ित बड़ी संख्या में लोगों ने परामर्श लिया और आयुष पद्धति का लाभ प्राप्त किया। आयुष मंत्री ने शिविर में बैठकर स्वयं मरीजों से संवाद किया, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपलब्ध दवाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शिविर परिसर में लगाए गए सेल्फी प्वाइंट पर उन्होंने चिकित्सकों व आमजन के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। शिविर को सफल बनाने में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।बताते चलें कि आयुष विभाग द्वारा आयोजित यह शिविर नववर्ष पर श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य सेवा की दृष्टि से एक सराहनीय पहल साबित हुआ, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को निःशुल्क और सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी। शिविर में मंत्री के पीआरओ गौरव राठी, संतोष सैनी, अखिलेश यादव, सौरभ राय, जय विश्वकर्मा, राहुल पांडेय, प्रमोद राय, जितेंद्र, अंकुर उपाध्याय, दिनेश सिंह दीनू, अरुण पांडेय, आकाश आदि आदि ने शिविर की बागडोर संभाली। कार्यक्रम में डॉ. रिचा लवानिया, डॉ. अरुण सिंह, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. अजीत मुरलीधर, सुनील कुमार पांडे, आज़ाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने ठंड से बचाव के लिए वितरण किए कंबल



कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोरांव के चर्चित समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने बढ़वारी कला गाँव में कंबल वितरण किया। लगातार 8वें वर्ष उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा की तर्ज पर लोगों की सेवा की। लगभग 200 कंबल वितरित किए गए।पयासी ने कहा, ''कंबल वितरण से मुझे सुकून मिलता है। मैं हमेशा अपने गाँव की जनता के लिए खड़ा रहता हूँ।'' ग्रामीणों ने उनकी प्रशंसा की और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का वादा किया।

## महर्षि सदाफलदेव आश्रम में वैदिक हवन यज्ञ एवं सत्संग द्वारा मनाया गया नव वर्ष 2026



प्रयागराज झूँसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज के महर्षि सदाफलदेव आश्रम में बृहद वैदिक हवन यज्ञ नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया गया और इसके साथ ही हजारों की संख्या में लोगों ने सत्संग का लाभ लिया। सत्संग में मुख्य रूप से विहंगम योग के वरिष्ठ साधक सतीश चंद्र श्रीवास्तव का उद्बोधन हुआ। राष्ट्र के कल्याण के साथ-साथ मानव-मानव में प्रेम, दया, करुणा आदि गुणों की वृद्धि हो यह प्रार्थना भी की गई। मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मविद्या विहंगम योग के महत्व को इस सत्संग में विशेष रूप से बताया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आश्रम के अधिकारी विजय बहादुर सिंह , संयोजक राम बाबू गुप्ता , वरिष्ठ साधक सतीश चंद्र श्रीवास्तव , योगेंद्र गुप्ता , शिवपूजन सिंह , धीरेंद्र उपाध्याय अलका द्विवेदी , रत्ना श्रीवास्तव , रणवीर सिंह, अशोक, श्रीकांत, विवेक श्रीवास्तव, संत शरण श्रीवास्तव, अजय पटवा एवं सुमित्रा श्रीवास्तव के साथ-साथ आश्रम की शिष्यगण एवं बाहर से आए सैकड़ो आध्यात्मिक जिज्ञासु उपस्थित रहे।

## प्रयागराज पुलिस लाइन में पाइपिंग सेरेमनी आयोजित, एन. कोलांची बने आईजी



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज पुलिस लाइन में पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार की अगुवाई में भव्य पाइपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) एन. कोलांची को पदोन्नति के उपरांत पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद से अलंकृत किया गया। पुलिस आयुक्त ने उन्हें कंधों पर आईजी रैंक लगाकर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।समारोह में मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने एन. कोलांची को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पुलिस व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। पाइपिंग सेरेमनी गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें अनुशासन, सम्मान और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## घूरपुर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, स्वर्णकारों की दुकानों के शटर कटे

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। घूरपुर थाना अंतर्गत सारंगपुर गांव में नए साल की शुरुआत चोरों ने वारदात के साथ की। बीती रात गांव में स्थित दो स्वर्णकारों की दुकानों के शटर काटकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह गांव और घूरपुर थाना क्षेत्र चोरों के लिए पूरी तरह सुरक्षित बनता जा रहा है। आए दिन चोरी की घटनाएं होने के बावजूद पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि चोरों के लिए यह 'सीजन' बन गया है, जबकि पुलिस के लिए मानो 'सोने का समय' चल रहा हो। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई व गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## थाना नैनी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। यमुनानगर क्षेत्र में थाना नैनी पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामलीला ग्राउंड रोड के पास से सोहन कुमार पुत्र राममिलन, निवासी चकदाऊद नगर थाना नैनी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध दिनांक 31 दिसंबर 2025 को गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में मु0अ0सं0 726/2025 धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## साइबर अपराध की बड़ी साजिश, प्रयागराज के 3200 जन सेवा केंद्र जांच के घेरे में

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। साइबर अपराधियों की एक सुनियोजित कारस्तानी ने प्रयागराज में संचालित करीब 3200 जन सेवा केंद्रों को संदेह के घेरे में ला दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंपनी ने सभी केंद्रों का पुलिस सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इनमें से सबसे अधिक फोकस उन 800 जन सेवा केंद्रों पर है, जो बीते दो वर्षों के भीतर खोले गए हैं। फिलहाल इन 800 केंद्रों की आईडी बंद कर दी गई है और सत्यापन के बाद ही इन्हें दोबारा संचालित किया जाएगा।जांच में सामने आया है कि साइबर अपराधियों ने फर्जी मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी के जरिये एक केंद्र की आईडी बनाकर करीब 16 लाख रुपये का वालेट टॉप-अप कराया। यह रकम 35 अलग-अलग लेन-देन के माध्यम से डाली गई थी। बाद में बिजली बिलों के भुगतान के जरिये वालेट की रकम निकाली गई। पुलिस जांच में साइबर ठगी से जुड़े कई और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## युवक की चाकू गोदकर हत्या, इलाके में तनाव, भारी फोर्स तैनात

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के असरावल गांव में गुरुवार को एक 21 वर्षीय युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान धर्मेंद्र के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और तनाव की स्थिति बन गई।सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।पुलिस के अनुसार हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# नए साल और माघ मेला की शुरुआत पर नैनी पुल पर लगा जाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। साल के पहले दिन और माघ मेला 2026 की शुरुआत के साथ ही शहर में यातायात दबाव बढ़ गया है। नैनी के नए पुल पर भारी जाम की स्थिति देखने को मिली, जिससे वाहन चालकों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। संगम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण पुल पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जाम के चलते स्कूली वाहन, एंबुलेंस और रोजमर्रा के यात्रियों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराने में जुटी रही। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और संयम बरतने की अपील की है।

# आपदा प्रबंधन में योगी सरकार की संवेदनशील पहल

**प्रयागराज में अप्रैल-2025 से नवंबर तक 170 जनहानि में मृतक आश्रितों को 24 घंटे में दी गई 6.80 करोड़ की मुआवजा धनराशि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश में आपदा से प्रभावित आश्रितों का दर्द साझा करने में प्रदेश की योगी सरकार ने संवेदनशील पहल की है। सरकार ने प्रदेश में बाढ़, सूखा, आकाशीय बिजली, लू और शीत लहर जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तकनीकी की मदद ली है जिससे अब राहत वितरण अब त्वरित और पारदर्शी माध्यम से आश्रितों तक पहुंच रहा है ।*प्रयागराज मंडल 20.68 करोड़ की राशि का किया गया त्वरित वितरण*आपदा प्रबंधन में तकनीकी का उपयोग प्रभावी साबित हो रहा है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की संवेदनशील और तकनीक आधारित व्यवस्था के चलते अब आपदा पीड़ित (मृतक आश्रित परिवार ) परिवारों को मुआवजे के लिए लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ रहा है । प्राकृतिक, स्थानीय अथवा गैर-प्राकृतिक आपदाओं में जान



गंवाने वालों के निकटतम आश्रितों को अब महज़ 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों को जल्द राहत मिल रही है। प्रयागराज मंडल में अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 के बीच विभिन्न कारणों से हुई 523 जन हानियों के मामलों में सरकार द्वारा ?20.68 करोड़ की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। प्रयागराज की एडीएम एफ आर विनीता सिंह का कहना है कि जिले में इस अवधि में 170 जनहानि हुई जिसमें आश्रित परिवारों को ?6.80 करोड़ मुआवजे की धनराशि 24 घंटे के अंदर वितरित की गई। इसमें भी बाढ़ में डूबने की वजह से सर्वाधिक 100 की जनहानि दर्ज की गई है।इस अवधि में फतेहपुर जिले में 140 की जनहानि हुई जिसमें 5.60 करोड़ की मुआवजा राशि उन्हें 24 घंटे के अंदर वितरित की गई है। मंडल में प्रतापगढ़ जिले में 113 की जनहानि हुई जिसमें 4.50 करोड़ की मुआवजा राशि आश्रित परिवारों को त्वरित गति से वितरित की गई है। कौशाम्बी जिले में इस दौरान 94 जन हानियां दर्ज हुई हैं जिसमें 3.76 करोड़ की मुआवजा राशि आश्रित परिवारों को 24 घंटे के अंदर वितरित की गई है। *आपदा प्रबंधन में डिजिटल तकनीकी की निर्णायक भूमिका*यूपी में आपदा से मृत्यु के मामलों में सहायता वितरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह ऑनलाइन है जिसमें लेखपाल द्वारा आवेदन और दस्तावेज अपलोड, फिर कानूनगो, तहसीलदार और अंत में एडीएम स्तर पर सत्यापन के बाद डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में राशि भेजी जाती है। लेकिन अब योगी सरकार इसके लिए राहत पोर्टल और आपदा प्रहरी ऐप को प्रभावी रूप से लागू किया । इन माध्यमों से राहत वितरण अब त्वरित, ट्रैकिंग योग्य और जवाबदेह बन गया है। आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन महीनों में राज्य स्तर पर 40 प्रतिशत से अधिक मामलों में यह सहायता 24 से 48 घंटे के भीतर दी गई है। नियमानुसार प्रत्येक मृतक के आश्रित को ?4 लाख की सहायता 24 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है।

# चुनाव जनमत से अधिक कहीं जुगाड़ तंत्र न रह जाए: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि देश में घृणा व नफरती तनाव की राजनीति खत्म होनी चाहिए। देशहित व जनहित के लिए जरूरी है कि चुनाव जनमत से अधिक जुगाड़ का तंत्र न रह जाए। मायावती ने गुरुवार को नए वर्ष की बधाई देते हुए कहा है कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों को भी 'अनेकता में एकता' व 'सर्व धर्म समभाव' के साथ काम करना चाहिए। सभी धर्म का एक समान सम्मान व सभी के जान, माल और मजहब की सुरक्षा की गारंटी संवैधानिक पहचान के हिसाब से होनी चाहिए। देश में अमीरी-गरीबी को बढ़ाने वाला नहीं, बल्कि भारत में बहु-अपेक्षित समतामूलक विकास वाला काम होना चाहिए, जिससे लोगों का जीवन सही मायने में खुश और खुशहाल बन सके।



उन्होंने कहा कि यूपी में बहुजनों की अपार गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार आदि से जीवन त्रस्त है। देश के विकास का लाभ कुछ मुट्ठी भर लोगों को नहीं, बल्कि सभी जरूरतमंदों को मिले। इसके लिए प्रति व्यक्ति विकास दर को सरकारी नीति व कार्यक्रमों से मजबूती प्रदान करके बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश संवैधानिक मूल्यों व सिद्धांतों पर चलकर ही विश्वगुरु बन सकता है। इससे ही पड़ोसी देशों के साथ संबंध बेहतर होगा। केंद्र सरकार देश के बहुजन समाज को हीन व बोझ समझने की बजाय उन्हें मानव संपत्ति मानकर उन पर निवेश की नीति बनाए, जिससे देश का विकास संभव हो पाए। उन्होंने कहा है कि केवल उद्योगपतियों व धन्नासेठों की तिजोरी भरने से देश का जनहित लगातार प्रभावित होता रहेगा। इससे देश में अरबपतियों व खरबपतियों की संख्या बढ़ती जा रही है और गरीब बहुजन लोगों का जीवन मुट्ठी भर सरकारी अन्न व सहायता का मोहताज बनकर रह गया है। नए साल में देश व जनहित के इन अति-जरूरी मुद्दों पर सही नीयत व नीति से ईमानदार प्रयास से काम होने पर ही देशहित है।

# पुलिस आयुक्त ने डीसीपी वरूणा जोन के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा डीसीपी वरुणा जोन कार्यालय के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर पुलिस आयुक्त महोदय ने कार्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए भवन की संरचनात्मक गुणवत्ता, विभिन्न कक्षों की उपयोगिता तथा उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं कार्यकुशल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यालय में अभिलेख प्रबंधन, बैठक कक्ष, स्टाफ सुविधाओं तथा जनसंबंधित कार्यों के लिए निर्धारित काउंटरों की समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। नवनिर्मित डीसीपी वरुणा जोन कार्यालय के संचालन से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक ही छत के नीचे प्रशासनिक, समीक्षा एवं समन्वय संबंधी कार्यों में सुविधा प्राप्त होगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया और अधिक त्वरित एवं प्रभावी होगी। उद्घाटन के उपरांत पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भी भ्रमण किया गया, जहां स्वच्छता, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मानकों के अनुरूप रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं कानून-व्यवस्था श्री शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन श्री प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन श्रीमती नीतू, संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# सरकार माघ मेला में स्थापित कराए केदारेश्वर मंदिर : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिले और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में एसआईआर को लेकर भाजपा और योगी आदित्यनाथ सरकार पर तंज कसा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि सरकार प्रयागराज के माघ मेले में हमारे केदारेश्वर मंदिर की भी स्थापना करे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रयागराज माघ मेले में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति नहीं लगाई है, अगर वहां पर तैनात अधिकारियों ने नियम बदल दिया तो हम भगवान की मूर्ति लगाएंगे। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी चापलूसी रोटी बनाने में लगे हैं वह किस नियम में है। अगर अधिकारी या नियम बदल रहे हैं तो हम लोग सभी भगवानों की मूर्ति वहां लगाएंगे साथ ही साथ जो आयोजन है या जो आयोजन कर रहे हैं, मैं उनसे कहूंगा कि हमारे केदारेश्वर मंदिर की भी वहां स्थापना करें। अखिलेश यादव ने सपा कार्यालय में बाटी चोखा कार्यक्रम को काफी सराहा और लखनऊ में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर भी सीएम योगी आदित्यनाथ पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि हमारा जो बाटी चोखे का कार्यक्रम है मैं उन कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। बाटी चोखा सहभोज के आयोजन पर कहा कि वो इस कार्यक्रम के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देना चाहते हैं। हम कार्यकर्ताओं को बधाई देंगे कि कार्यकर्ताओं ने बाटी चोखा का जो कार्य अच्छा कार्यक्रम किया है हम सब का एक दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार है हम सब एक दूसरे के साथ मिलजुल कर बैठते हैं यही हमारी संस्कृति है यही हमारा सम्मान है। उन्होंने पार्टी के बाटी चोखा कार्यक्रम की तारीफ की और भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर तंज कसा। उन्होंने और कहा अगर ये ब्राह्मण विधायक सरकार के विरोध में खड़े हो गए तो क्या होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तो वो विधायक बैठे-बैठे खा रहे थे, अगर वह विधायक सरकार के खिलाफ खड़े हो गए तो क्या होगा। सरकार के विधायक अगर उनके खिलाफ खड़े हो गए तो सरकार का क्या होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ से यूपी में निकली कांस्टेबल भर्ती में अभ्यार्थियों की आयु सीमा बढ़ाने की मांग की और कहा कि ये युवा सरकार की खामी के चलते ओवरएज हो गए। नव वर्ष पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई देने के साथ कहा कि आज हम संकल्प लेते हैं कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने जो रास्ता दिखाया, लोहिया जी, नेताजी ने जो रास्ता दिखाया उसपर चलकर संकल्प लेते हैं कि देश, समाज को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का काम करेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-01 दिनाँक 01.01.2026

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मॉडिफिकेशन इन चेन लॉकिंग अरेंजमेंट फॉर मिडिल बर्थ ऑफ ए.सी. एन्ड नॉन- ए.सी. कोचेस। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 96,76,000/- मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 1,93,500/- मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक- 15.01.2026 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 06/26

# नववर्ष की पावन बेला पर महापौर कार्यालय में उत्सव का माहौल

**शहरवासियों को दी गई शुभकामनाएँ व की गई विशेष अपील**

**नववर्ष 2026 समस्त लखनऊ वासियों के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए: सुषमा खर्कवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददात




लखनऊ। नववर्ष 2026 की पावन बेला पर नगर निगम लखनऊ के महापौर कार्यालय में उत्सव और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। गुरुवार सुबह से ही महापौर सुषमा खर्कवाल को नववर्ष की बधाई देने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठन पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों का निरंतर आगमन होता रहा।

कार्यालय परिसर में पूरे दिन जश्न का माहौल बना रहा। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने उपस्थित सभी लोगों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए अवसर लेकर आता है। नगर निगम का निरंतर प्रयास रहेगा कि शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ और लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जाए। नववर्ष के इस शुभ अवसर पर कैंप कार्यालय में पार्षदगण, नगर आयुक्त गौरव कुमार, समस्त अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारीगण, पर्वतीय महापरिषद के प्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण तथा बड़ी संख्या में आमजन भी मौजूद रहे। सभी ने महापौर को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए शहर के विकास और जनकल्याण के कार्यों के लिए शुभेच्छाएँ प्रकट कीं।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसने समारोह को और अधिक आकर्षक बना दिया। विशेष रूप से उत्तराखंडी लोकनृत्य ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा और लोकसंगीत के साथ प्रस्तुत इस नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा– नववर्ष 2026 समस्त लखनऊ वासियों के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए, यही मेरी कामना है। नगर निगम शहर के समग्र विकास, स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है। मैं सभी शहरवासियों से अपील करती हूँ कि वे स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक दायित्वों के निर्वहन में नगर निगम का सहयोग करें। जनभागीदारी से ही हम लखनऊ को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर बना सकते हैं।

# नववर्ष के शुभ अवसर पर महापौर ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर नगर निगम लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने 5, केडी स्थित मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर महापौर ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट के दौरान राजधानी लखनऊ के विकास, नगर निकायों की भूमिका, स्वच्छता, अधोसंरचना विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के मार्ग दर्शन और सहयोग से लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के प्रयास और अधिक सशक्त होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नववर्ष के अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए नगर निगम द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों की सराहना की और नगर विकास से जुड़े कार्यों को और गति देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रभु श्री राम से कामना की गई कि नववर्ष प्रदेश और राजधानी के लिए सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति लेकर आए।

# बीकेटी में धूमधाम से मनाया गया विधायक का जन्मदिन

**संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह के नेतृत्व एवं व्यापारियों की मौजूदगी में केक काटकर मनाया गया विधायक का जन्मदिन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ। गुरुवार को बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बख्शी का तालाब विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक योगेश शुक्ला का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस मौक़े पर कई जगह कंबल वितरण,भजन सहित अन्य आयोजन आयोजित हुए।

इसी क्रम में बीकेटी बड़ी बाज़ार में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया,वही एयरफोर्स रोड़ पर भी व्यापारियों के नेतृत्व में केक काटा गया और चंद्रिका देवी रोड़ पर एक निजी लॉन में भी केक काटकर जन्मदिन मनाया गया,जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय जनता शामिक हुई वही इस मौक़े पर भोजन की भी व्यस्था रही।विधायक जी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत इटौंजा में चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल के नेतृत्व में केक काटकर तथा ग्राम पंचायत उसरना में प्रधान प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह के नेतृत्व में कंबल वितरण कर जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।वही इस मौके पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष लखनऊ विजय मौर्य, एमएलसी सीतापुर पवन सिंह चौहान,पूर्व ज़िला अध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी,आईटी सेल संयोजक विवेक सिंह,जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी,अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत,पूर्व प्रधान सोनवा योगेंद्र दीक्षित,मान सिंह,प्रधान पहाड़पुर संतोष रावत सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी/कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नववर्ष पर एलडीए के पार्कों में उमड़ा रिकॉर्ड जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विभाग को हुई एक दिन में लाखों की आय**

लखनऊ । नव वर्ष के अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधीन संचालित शहर के पार्क लोगों के आकर्षण का बड़ा केंद्र बने रहे। विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी को एलडीए के विभिन्न पार्कों में करीब एक लाख के आसपास लोग पहुंचे और इससे लाखों रुपये की आय प्राधिकरण को हुई।

सबसे अधिक भीड़ जनशेश्वर मिश्र पार्क, गोमती नगर में देखने को मिली, जहां 41,442 लोगों ने प्रवेश किया और इससे 11 लाख 77 हजार 225 रुपये की आय दर्ज की गई। वहीं राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एवं ग्रीन गार्डन, नोएडा में 19,153 आगंतुक पहुंचे और यहां से 4 लाख 78 हजार 825 रुपये की आय हुई। बसंतकुंज योजना स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में भी नव वर्ष पर भारी उत्साह दिखा। यहां 12,397 लोगों की आमद हुई और प्राधिकरण को 1 लाख 22 हजार 740 रुपये की आमदनी हुई। डा. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, गोमती नगर में 12,117 दर्शकों ने भ्रमण किया, जिससे 3 लाख 2 हजार 925 रुपये की आय हुई। इसके अलावा कांशीराम ग्रीन ईको गार्डन में 6,400 लोगों ने प्रवेश लिया और 1 लाख 60 हजार रुपये की आय दर्ज की गई। हैप्पीनेस पार्क (बुद्धा पार्क), डालीगंज में 3,700 लोग पहुंचे, जिससे 1 लाख 65 हजार 360 रुपये की कमाई हुई। यूपी दर्शन पार्क, गोमती नगर में 2,357 आगंतुकों से 2 लाख 10 हजार 600 रुपये की आय हुई, जबकि डा. राम मनोहर लोहिया पार्क, गोमती नगर में 2,783 लोग पहुंचे और यहां से 41 हजार 895 रुपये की आय दर्ज की गई। नव वर्ष के मौके पर एलडीए के पार्कों में परिवारों, युवाओं और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। कहीं सेल्फी का दौर चला तो कहीं बच्चों की किलकारियों से पार्क गुलजार रहे। आंकड़ों ने साफ कर दिया कि नव वर्ष का जश्न न सिर्फ लोगों के लिए यादगार रहा, बल्कि एलडीए के लिए भी यह दिन कमाई के लिहाज से बेहद खास साबित हुआ।

## इटौंजा में बीमारी से परेशान होकर किशोर ने किया सुसाइड

**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को इटौंजा थाना अंतर्गत एक किशोर ने बीमारी से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था वही मृतक के परिजनों का घटना को लेकर रो–रोकर बुरा हाल था।गुरुवार को इटौंजा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत किशुनपुर उसरना निवासी सचिन पुत्र राम गोपाल द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि इन्होंने बीमारी से आहत होकर घर में छत में पंखे के हुक से प्लास्टिक रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया वही इटौंजा पुलिस ने सूचना के आधार पर पहुंच कर शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।

## नगर निगम 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन आज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददात** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में त्रिलोकनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा।*इन समस्याओं का होगा मौके पर समाधान*समाधान दिवस के दौरान नागरिक अपनी विभिन्न शहरी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनमें प्रमुख रूप से—गृहकर एवं जलकर से संबंधित विवादसफाई व्यवस्थासड़कों एवं गलियों की मरम्मतसीवर लाइन व ड्रेनेज से जुड़ी समस्याएंमार्ग प्रकाश (स्ट्रीट लाइट)कूड़ा उठानआदि शामिल हैं।क्रम्ह सर्वेक्षण के उपरांत कर निर्धारण से संबंधित आपत्तियों पर भी मौके पर सुनवाई की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि शिकायतों का यथासंभव तत्काल निस्तारण किया जा सके।*दस्तावेज साथ लाने की अपील*नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे समाधान दिवस में समय से उपस्थित होकर अपनी शिकायत से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लाएँ, जिससे कार्यवाही शीघ्र एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सके।इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों की संयुक्त उपस्थिति में उनकी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराया जाए।

# बिजली बिल राहत योजना 2025 के प्रथम चरण की अवधि को तीन दिन बढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल पर बिजली बिल राहत योजना 2025 के प्रथम चरण की अवधि को तीन दिन और बढ़ा दिया गया है। पहले चरण के अंतिम दिन देर रात तक चले राहत शिविरों में उमड़ी भारी भीड़, आमजन की व्यापक भागीदारी और योजना के प्रति गहरी रुचि को देखते हुए मंत्री शर्मा ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। अब यह योजना, जो पहले दिसंबर माह तक सीमित थी, 03 जनवरी तक लागू रहेगी, जिससे अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ता इसका लाभ ले सकेंगे।

प्रथम चरण रहा ऐतिहासिक रूप से सफलबिजली बिल राहत योजना 52025 का पहला चरण अत्यंत सफल रहा है। मंत्री श्री ए. के. शर्मा के कुशल नेतृत्व और सतत निगरानी में प्रदेशभर में आयोजित राहत शिविरों के माध्यम से लगभग 31 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठाया। इस दौरान उपभोक्ताओं को 5363 करोड़ रुपये से अधिक की बिल छूट प्रदान की गई, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।दशकों पुराने बकाया बिलों से मिली बड़ी राहतइस योजना के अंतर्गत वर्षों नहीं बल्कि दशकों पुराने बकाया बिजली बिलों पर भी उपभोक्ताओं को तीन-चौथाई तक की छूट दी गई है। इससे लाखों परिवारों को लंबे समय से चले आ रहे सरकारी बकाये के मानसिक और आर्थिक बोझ से राहत मिली है। योजना ने विशेष रूप से गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे उपभोक्ताओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।मंत्री ए. के. शर्मा की जनहितकारी सोच का परिणाम बिजली बिल राहत योजनामंत्री ए. के. शर्मा की उस जनकल्याणकारी सोच का सशक्त उदाहरण है, जिसमें सरकार और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। मंत्री श्री शर्मा का मानना है कि शासन का दायित्व केवल राजस्व संग्रह नहीं, बल्कि आम नागरिक को राहत देकर उसे सशक्त बनाना भी है। इसी भावना के साथ योजना की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

# नववर्ष पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल में उमड़ा जनसैलाब

**अव्यवस्थाओं ने खोली तैयारियों की पोल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। साल के पहले ही दिन बसंत कुंज योजना में बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल को जनता के लिए खोले जाने के साथ ही यहां लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। नए साल का जश्न मनाने पहुंचे परिवारों की भारी भीड़ ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की असल तस्वीर भी सामने ला दी।

भीड़ इतनी ज्यादा रही कि पार्क के भीतर अव्यवस्थाओं का बोलबाला नजर आया। किसी ने टॉयलेट में पानी न होने की शिकायत की तो कोई दर्शकों द्वारा फुलवारी तोड़े जाने पर नाराज़ दिखा। लोगों का कहना था कि सुरक्षा कर्मी फूल तोड़ने वालों को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं, जिससे पार्क की सुंदरता को नुकसान पहुंच रहा है। स्थिति को संभालने के लिए प्रवेश द्वार पर स्थानीय पुलिस की भारी तैनाती करनी पड़ी। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे रहे। हैरानी की बात यह रही कि टिकट खिड़की से मशीन से प्रिंट टिकट देने के बजाय लोगों को हाथ से लिखी कागज की पर्ची थमाई जा रही थी जिस पर पार्क में जाने वालो की संख्या लिख कर एक साफ हस्ताक्षर के बजाय सिर्फ रफ़/ घसीट हस्ताक्षर किए गए थे और उसी के सहारे पार्क में प्रवेश कराया जा रहा था। पुराने लखनऊ का अब तक का सबसे बड़ा पार्क बताए जा रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल में जश्न का माहौल भी साफ नजर आया। महापुरुषों की भव्य मूर्तियों के पास लोग सेल्फी लेते दिखे, वहीं बच्चे खेलों में मगन रहे। परिवारों ने नए साल की शुरुआत को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं हाथ से लिखी पर्ची देकर एंट्री कराए जाने के सवाल पर मौके पर मौजूद एलडीए अधिकारियों ने सफाई दी कि भारी भीड़ के कारण मशीन से टिकट देना संभव नहीं हो पा रहा था। उन्होंने दावा किया कि बाद में पूरा हिसाब कर राजस्व विभाग में राशि जमा कर दी जाएगी। वहीं टॉयलेट में पानी न होने की शिकायतों पर अधिकारियों ने कहा कि टॉयलेट चालू हैं और पानी की व्यवस्था भी मौजूद है। नववर्ष पर जहां एक ओर राष्ट्र प्रेरणा स्थल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना, वहीं दूसरी ओर सामने आई अव्यवस्थाओं ने प्रशासन की तैयारियों पर बड़ा सवाल भी खड़ा कर दिया।

## दहेज उत्पीड़न से तंग विवाहिता की संदिग्ध मौत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना सआदतगंज क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी पीर खां (अंबरगंज) इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान समरीन (उम्र लगभग 24 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसकी शादी वर्ष 2019 में अल्तमश समीर उर्फ चिनू पांडेय से हुई थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।मृतका के पिता मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही समरीन को ससुराल में दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि पति अल्तमश समीर, सास शबनम समीर, देवर और अन्य परिजन आए दिन पैसों की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर समरीन के साथ मारपीट, गाली–गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था।परिजनों का कहना है कि आरोपी पक्ष फोन कॉल के माध्यम से भी लगातार धमकियां देता था। इन कॉल्स की रिकॉर्डिंग मृतका के पिता के पास मौजूद होने का दावा किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी कई बार मायके आकर भी परिवार को अपमानित करते रहे।पीड़ित परिवार के अनुसार, 31 अगस्त 2025 को आरोपियों द्वारा मायके पहुंचकर उत्पात मचाया गया था, जिसके बाद थाना ठाकुरगंज पुलिस ने धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की थी। बावजूद इसके, उत्पीड़न का सिलसिला बंद नहीं हुआ और आरोपी खुलेआम धमकियां देते रहे।शिकायत में बताया गया कि 31 दिसंबर 2025 की रात समरीन की सास शबनम समीर और पति अल्तमश समीर ने फोन पर गाली–गलौज की और दहेज के रूप में पैसों की मांग की। रात करीब 8:30 बजे फोन कॉल के दौरान समरीन की रोने और चीखने की आवाजें सुनाई दीं। इसके कुछ समय बाद रात लगभग 10:30 बजे सूचना मिली कि समरीन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।हालांकि मृतका के परिजनों का स्पष्ट आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज की मांग और शिकायत करने के कारण की गई सुनियोजित हत्या है। परिजनों का दावा है कि समरीन की गला दबाकर हत्या की गई और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। सभी आरोपों की बिंदुवार जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल इस घटना ने एक बार फिर दहेज उत्पीड़न और विवाहित महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति से उत्तर प्रदेश बना डिजिटल निवेश का नया केंद्र

**900 मेगावाट क्षमता और आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का नया विजन–अब तक 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 6 डेटा सेंटर पार्क को मंजूरी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार की डेटा सेंटर नीति ने प्रदेश को देश के तेजी से उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनाई गई दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज न केवल निवेशकों का भरोसा जीत रहा है बल्कि डिजिटल आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहा है।प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2021 में डेटा सेंटर नीति को अधिसूचित किया गया था। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में आधुनिक निजी डेटा सेंटर पार्कों का विकास करना और डेटा सेंटर उद्योग को सशक्त आधार प्रदान करना था। नीति के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में तीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने और 250 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन लक्ष्यों को पहले ही वर्ष में प्राप्त कर लिया। लक्ष्यों की समय से पहले प्राप्ति के बाद प्रदेश सरकार ने नीति को और अधिक व्यावहारिक और निवेश अनुकूल बनाते हुए इसमें संशोधन किया। संशोधित नीति के अंतर्गत प्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र के लिए निवेश और क्षमता के लक्ष्यों को कई गुना बढ़ा दिया गया। अब तीन के स्थान पर आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 30 हजार करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है।प्रदेश में अब तक लगभग 21 हजार 343 करोड़ के निवेश को स्वीकृति दी जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से छह डेटा सेंटर पार्क और 40 मेगावाट से कम क्षमता वाली दो डेटा सेंटर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इनमें से सात परियोजनाएं पूरी तरह संचालित हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश की डिजिटल क्षमताओं को मजबूती मिली है। योगी सरकार की स्पष्ट नीति, पारदर्शी शासन व्यवस्था और मजबूत कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य बनाया है। डेटा सेंटर जैसे पूंजी और तकनीक आधारित क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं।प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस समिट के दौरान कुल एक लाख 36 हजार 124 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए 29 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को नई अर्थव्यवस्था और डिजिटल भविष्य की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कुल मिलाकर डेटा सेंटर नीति ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल इंडिया के विजन में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रख दी है।

# पूज्य राजा राम बाबूजी की स्मृति में वार्षिक उत्सव का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । पूज्य राजा राम बाबूजी की पुण्य स्मृति में संचालित हेल्पडेस्क इंडिया फाउंडेशन एवं वरदान एजुकेशनल एकेडमी के संयुक्त सहयोग से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नववर्ष के पावन अवसर पर दिनांक 1 जनवरी 2026, दिन गुरुवार को वार्षिक उत्सव का भव्य,गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्भाव,भाईचारा, मानवीय करुणा एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।संस्था विगत 10 वर्षों से निरंतर गरीब,शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रही है।इसके अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से जरूरतमंदों की न्याय की लड़ाई लड़ी जाती है,पाँच निर्धन कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न कराया जाता है,तथा संस्था से जुड़े सदस्यों का उपचार जनपद लखनऊ के सरकारी चिकित्सालयों में कराकर उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है।ये सभी सेवाएँ संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता एवं सेवा भावना का सशक्त परिचायक हैं।संस्था द्वारा वर्ष भर समाज में व्याप्त कुरीतियों,अज्ञानता एवं सामाजिक बुराइयों के प्रति जन-जागरूकता लाने हेतु शैक्षणिक, सामाजिक एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है।

इस पुनीत कार्य में देश के विख्यात चिकित्सा एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञों का मार्गदर्शन एवं सहयोग संस्था को निरंतर प्राप्त होता रहता है, जिससे सेवा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता निरंतर सुदृढ़ हो रही है।हेल्पडेस्क इंडिया फाउंडेशन द्वारा नैतिक शिक्षा, भजन, स्वच्छता,वाणी-व्यवहार, आचार-विचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नियमित सेमिनार आयोजित किए जाते हैं।साथ ही युवाओं के चारित्रिक, बौद्धिक एवं व्यावहारिक विकास को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क शिक्षक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन शिविरों का आयोजन भी किया जाता है, जिससे युवा सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था द्वारा विभिन्न स्थानों पर गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच भंडारों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कंबल वितरण का पुण्य कार्य आदरणीय पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, उन्नाव रामकुमार यादव द्वारा संपन्न कराया गया। समस्त क्षेत्रवासियों को केला,लड्डू एवं फल वितरित किए गए।

संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा आगंतुकों का गुलाब का फूल देकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम में अपनत्व,सौहार्द एवं मानवीय संवेदनाओं का वातावरण बना रहा।वर्ष 2026 में अपरिहार्य कारणों से चिकित्सा शिविर, फूलों की होली एवं दीप यज्ञ जैसे कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सके,किंतु इसके बावजूद संस्था द्वारा समागम एवं ल्र्वर्तमान समय में संविधान की प्रासंगिकताङ्क विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में संपूर्ण भारतवर्ष से पधारे विद्वानों, शिक्षाविदों एवं विचारकों ने सहभाग कर संविधान के महत्व, सामाजिक न्याय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म: बेबी गुप्ता

**कंबल वितरण समारोह संपन्न**

**400 लोगों को पालिका अध्यक्ष ने वितरित किए गर्म कंबल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर । आज थाना अंतर्गत शांति नगर में स्थित पालिका अध्यक्ष के आवास पर 400 निधन गरीबों को गर्म कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के आयोजन कर्ता पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता 400 लोगो को पालिका अध्यक्ष के साथ मिलकर कंबल वितरित किए कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए ।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने कहा कि इस हांड कपा देने वाली ठंडक में गर्म कंबल उनके द्वारा हर वर्ष वितरित किए जाते हैं उसी कड़ी में आज कंबल वितरण का आयोजन शांति नगर में किया गया आस पड़ोस गांव के तथा कस्बे के लोग मौके पर उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंदों को गर्म कंबल मुहैया कराया जा सके इसका प्रयास उनके स्तर से हर वर्ष किया जाता है इस बार भी 400 लोगों को कंबल का वितरण किया गया है उन्होंने कहा कि वास्तव में मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है तथा मानव सेवा के द्वारा ही सच्चे अर्थों में हम प्रभु की भक्ति कर सकते हैं पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि जो भी निर्धन लोग जरूरत मंद लोग उनके संपर्क में आते हैं वह प्रथम दृष्टया उनकी हर हालत में मदद करने का प्रयास करते हैं इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता गौरव अग्रवाल, नवनीत दीक्षित सहित अधिसंख्या लोग

# विकास खण्ड मछरेहटा में एनआरएलएम के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पहल, मछरेहटा में एनआरएलएम कार्यक्रम सम्पन्न**

**मछरेहटा में महिलाओं को सशक्त करने की पहल, स्वयं सहायता समूहों के गठन पर दिया गया जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा, सीतापुर। खंड विकास अधिकारी मछरेहटा राजेश तिवारी द्वारा ग्राम पंचायत सडिला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाना रहा।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने महिलाओं को शासन एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के गठन पर विशेष जोर देते हुए बताया कि समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं तथा स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को अधिक से अधिक समूह गठन करने, समूह के नाम से बैंक खाते खुलवाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही एनआरएलएम के तहत मिलने वाली सहायता, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण एवं आजीविका से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल सकती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने योजनाओं में रुचि दिखाते हुए आगे बढ़कर जुड़ने का आश्वासन दिया।

# डीएम-एसपी ने नववर्ष पर हनुमान मंदिर पहुंचकर की पूजा-अर्चना

**अवस्थापना सुविधा के कराये गये कार्यो का किया निरीक्षण**

**जरूरतमंद लोगों को वितरित किये गये कम्बल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने नववर्ष के अवसर पर खाली सहाट स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात वंदन योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा हनुमान मंदिर में अवस्थापना सुविधा के कराये गये कार्यों का निरीक्षण किया। मन्दिर परिसर में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय लोगों से वार्ता की गयी। लगभग 200 वर्ष पूर्व मंदिर की स्थापना की गयी थी। वर्ष दर वर्ष मन्दिर प्रांगण में रामलीला, रावण दहन, भागवत कथाओं का आयोजन आदि कार्यक्रम भी सम्पादित किये जाने लगे। इस कार्यक्रमों के चलते मन्दिर की लोक प्रियता बढती चली गयी, जिसके कारण श्रद्धालुओं की संस्था अत्यधिक बढ गयी, श्रद्धालुओं की बढ़ती संस्था के दृष्टिगत रखते हुए मन्दिर का चयन वंदन योजना के अन्तर्गत किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल भी वितरित किये गये।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व स्थानीय लोग उपस्थित रहें। डीएम-एसपी ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं।

## बीडीओ ग्राम चौपालों में प्राप्त समस्याओं व उनके निस्तारण की आख्या कराए उपलब्धः सीडीओ

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों से कहा है कि माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च, 2026 की तिथियों में सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ''ग्राम चौपाल'' से सम्बन्धित रोस्टर के अनुसार निर्धारित तिथियों में ग्राम चौपाल का आयोजन सुनिश्चित करायें। उपरोक्त माहों के निर्धारित तिथियों में ग्राम चौपाल के आयोजन का रोस्टर सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों को स्वयं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा है कि ग्राम चौपाल के आयोजन के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायत के चौपाल रजिस्टर का अवलोकन करने के उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अपने पर्यवेक्षण में प्रगति सूचना उसी दिन रूरल सॉफ्ट पर फीड कराया जाना अनिवार्य है।

## सीएनजी ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार बालक की मौत



बिसवां,सीातपुर । सिधौली रोड पर गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। सामने से आ रहे सीएनजी लदे ट्रक ने साइकिल सवार बालक को कुचल दिया। हादसे में जाफराबाद निवासी आयुष (12 वर्ष), पुत्र कृष्णपाल की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

# डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर व प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

**दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारम्भ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह चलाने का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा, इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत हेलमेट और सीटबेल्ट पहनने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई जायेगी, सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को बताकर लोगों को जागरूक किया जायेगा, जिससे सड़क हादसों में कमी लायी जा सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी तथा यातायात के नियमों का पालन करने हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन द्वारा पूरे माह जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। इसी दौरान कार्यक्रम में राहवीर (गुड सेमेटेरियन) योजना के तहत जनपद के 07 लोगों को 5000 रूपये की पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया गया, जिसमें राकेश जयसवाल नि0 शंकर नगर मुराई बाग रायबरेली, अभिषेक कुमार चौधरी सी0एच0सी0 डलमऊ ऑफिस रायबरली, मो0 सलमान खान सलोन रायबरेली, मो0 सईद उसरैना रायबरेली, मनोज सिंह ए0आर0टी0ओ0 ऑफिस रायबरेली, श्रीनिवास शुक्ला नारायण नगर गौरा बाजार रायबरेली एवं अखिलेश प्रताप सिंह शिवाजी नगर रायबरेली को पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सालय लाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु (राह-वीर योजना) में पूर्व में पुरस्कृत धनराशि 5000 रूपये से बढ़ाकर शासन द्वारा 25000 रूपये कर दिया गया है।

दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सालय में लाने वाले व्यक्तियों को (गुड सेमेटेरियन) मानते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विधानसभा 177-बछरावां(अ0जा0) में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एस0आई0आर0) में सबसे पहले 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले तीन बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बीएलओ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया था, जिसमें गुड्डी देवी प्रा0वि0 अमावां को प्रथम, रिया तिवारी प्रा0वि0 रामपुर मोहद्दीनपुर को द्वितीय एवं आरती वर्मा प्रा0वि0 पलिया को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# विधायक रोमी साहनी ने नववर्ष के मौके पर हजारों महिलाओं को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। नववर्ष के प्रथम दिन पलिया विधायक रोमी साहनी के आवास पर जनसेवा का अनोखा दृश्य देखने को मिला, जहां कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाने के लिए महिलाओं का भारी रेला उमड़ पड़ा। हर साल की तरह इस वर्ष भी विधायक रोमी साहनी ने परंपरागत रूप से हजारों जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित कर नववर्ष की शुरुआत मानव सेवा से की।

सुबह होते ही पलिया विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों से महिलाओं का आवागमन शुरू हो गया। विधायक आवास के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। ठंड से बचाव के लिए कंबल मिलने की उम्मीद में आई महिलाओं में बुजुर्ग, विधवा, मजदूर वर्ग और गरीब परिवारों की महिलाएं शामिल रहीं।कार्यक्रम के दौरान विधायक रोमी साहनी स्वयं मौजूद रहे और महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि ॥नववर्ष का सबसे बड़ा उत्सव जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना है। जब तक क्षेत्र का कोई भी गरीब ठंड से परेशान है, तब तक हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती।॥महिलाओं ने कंबल पाकर विधायक का आभार जताया और कहा कि हर साल ठंड के मौसम में यह पहल उनके लिए बड़ी राहत बनकर आती है। कई महिलाओं ने बताया कि विधायक साहनी द्वारा किया जाने वाला कंबल वितरण अब क्षेत्र की एक परंपरा बन चुका है, जिसका इंतजार जरूरतमंद परिवार पूरे वर्ष करते हैं।कंबल वितरण के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा पूरी व्यवस्था संभाली गई। महिलाओं को क्रमबद्ध तरीके से कंबल दिए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि विधायक रोमी साहनी की यह पहल केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा सामाजिक कार्य है, जो हर वर्ष हजारों गरीब परिवारों को ठंड से राहत देता है।नववर्ष के अवसर पर आयोजित इस कंबल वितरण कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि यदि चाहें तो शासन-सत्ता से आगे बढ़कर समाज के कमजोर वर्गों के लिए मजबूत सहारा बन सकते हैं।

# चमारनपूर्वा में बिजली विभाग की लापरवाही स्कूल गेट पर हाईटेंशन तार से दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसूलपुर के गांव चमारनपूर्वा में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन का टूटा हुआ तार पिछले पांच दिनों से खतरनाक स्थिति में लटक रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, हाईटेंशन लाइन इतनी ढीली और नीचे झुकी हुई है कि पास के खेतों में लगी गन्ने की फसल को छू रही है। हालात ऐसे हैं कि किसान खेत में जाने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात या हवा चलने पर बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह खतरनाक तार सीधे प्राथमिक विद्यालय के गेट पर लटक रहा है, जहां रोज़ाना छोटे-छोटे बच्चे, शिक्षक और अभिभावक आते-जाते हैं। किसी बच्चे के संपर्क में आने पर जानलेवा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते लाइन को ठीक नहीं किया गया और कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी।गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका से भयभीत हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागता है और कब इस गंभीर खतरे को दूर किया जाता है।

## अंतरराष्ट्रीय इंडो-नेपाल चैंपियनशिप के लिए लखीमपुर की कराटे-वुशू टीम रवाना



लखीमपुर खीरी। शाओलिन स्पोर्ट्स ऑफ मार्शल आर्ट्स अकादमी, लखीमपुर (उप्र) के तत्वावधान में लखीमपुर कराटे-वुशू टीम नेपाल में आयोजित होने जा रही इंडो-नेपाल इंटरनेशनल फ्रेंडशिप चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता टोंग इल मो दो संघ, नेपाल द्वारा 2 से 6 जनवरी 2026 तक नेपाल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, धनगढ़ी में आयोजित की जाएगी।इस चैंपियनशिप का उद्देश्य भारत-नेपाल की पारंपरिक मित्रता को और मजबूत करना, साथ ही मार्शल आर्ट्स के माध्यम से शांति, अनुशासन और खेल भावना का संदेश देना है। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व भारत की ओर से लखीमपुर खीरी की 23 सदस्यीय टीम प्रतिभाग कर रही है, जो विभिन्न भार वर्गों में अपने जौहर का प्रदर्शन करेगी।टीम में जिले के विभिन्न विद्यालयों और अकादमी के होनहार खिलाड़ी शामिल हैं। बालक वर्ग में प्रखर यश, सुखदीप सिंह, मोहम्मद आमिर, अभिराज, विपिन, नैतिक वर्मा, शिवांश हिंगे, कनिष्क सिंह, भव्य वर्मा, सार्थक पटेल, अजय, इंद्रेश चौहान, दक्ष रस्तोगी, हरमीत, अनादि मल्होत्रा, विवेक जायसवाल और सौरव राज शामिल हैं, जबकि बालिका वर्ग में कृतिका विश्व ब्राह्मण, त्रिविका श्रीवास्तव, माही वर्मा और उन्नति श्रीवास्तव भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।टीम के साथ सौरव राज कोच की भूमिका में, विवेक जायसवाल टीम मैनेजर के रूप में तथा जितेंद्र कुमार, अनुदेशक शारीरिक शिक्षा एवं इंटरनेशनल सहायक कराटे कोच (ब्लैक बेल्ट थर्ड डान) भारत के कोच के रूप में नेपाल जाएंगे।इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के काउंसलर कय्यूम जरवानी भी टीम के साथ मौजूद रहेंगे।टीम के नेपाल रवाना होने पर खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता लखीमपुर खीरी के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही है।

# निर्धन परिवार कल्याण सेवा समिति के प्रबंधक अभिषेक ठाकुर ने प्रबुद्ध नागरिकों का किया सम्मान

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय के चाचा कौशल किशोर पाण्डेय रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा, कमलापुर । क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का निर्धन परिवार कल्याण सेवा समिति द्वारा सम्मान किया गया। समिति के प्रबंधक अभिषेक ठाकुर ने उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों को अंगवस्त्र व डायरी भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय के चाचा कौशल किशोर पाण्डेय रहे। कार्यक्रम का संचालन नागेश्वर नाथ धाम यज्ञ समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत समिति के प्रबंधक अभिषेक ठाकुर द्वारा सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र व डायरी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संजय सिंह और श्रद्धा सिंह के द्वारा एक दर्जन से अधिक जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। वरिष्ठ पत्रकार आयुष तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भीषण ठंड के इस मौसम में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास रहने वाले गरीबों का ध्यान रखना चाहिए तथा उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम में अमर बाजपेयी, सत्यप्रकाश सिंह, सत्यदेव शुक्ला, अमर शर्मा, आदेश तिवारी, छोटू सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल, नववर्ष पर सेवा और संवेदना का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। नव वर्ष 2026 की शुरुआत लखीमपुर खीरी में अनुशासन, संवेदनशीलता और सेवा के संदेश के साथ हुई। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नववर्ष के पहले कार्यदिवस पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों से सीधे संवाद किया और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई बांटी।

डीएम के इस आत्मीय व्यवहार से कलेक्ट्रेट परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह एवं अर्चना ओझा भी उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि टीम भावना, अनुशासन और समर्पण से ही सुशासन को मजबूती मिलती है और नए वर्ष में प्रशासन आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।नववर्ष पर प्रशासन की संवेदनशीलता की दूसरी झलक कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में देखने को मिली, जहां मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 समाचार पत्र वितरकों, निराश्रितों, असहाय गरीबों, दिव्यांगों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया। सभी लाभार्थियों को लंच पैकेट भी दिए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि समाचार पत्र वितरक समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो हर मौसम में बिना रुके अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी गरीब ठंड से परेशान न रहे और इसी क्रम में प्रशासन जरूरतमंदों को राहत पहुंचा रहा है।इसके बाद डीएम ने वृद्धाश्रम पहुंचकर समाज कल्याण विभाग से वित्तपोषित 90 वृद्धजनों को कंबल व खाद्य सामग्री वितरित की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को निर्देश दिए कि वृद्धजनों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और उन्हें अकेलापन महसूस न हो।नववर्ष के अवसर पर प्रशासन की यह पहल जनसेवा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रभावी उदाहरण बनी।

## कोतवाली परिसर में ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरण, पुलिस क्षेत्राधिकारी रहे मौजूद



लहरपुर, सीतापुर। स्थानीय कोतवाली परिसर में क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते ग्राम प्रहरियों को वितरित किए गए कंबल। बृहस्पतिवार को कोतवाली परिसर में विभिन्न ग्रामों के 55 ग्राम प्रहरियों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद द्वारा समाजसेवी अंकित दीक्षित के सौजन्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह के द्वारा कंबलों का वितरण किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि परमार्थ से बढ़कर कोई कार्य नहीं है, समाजसेवी अंकित दीक्षित द्वारा कंबल वितरण एक सराहनीय प्रयास है उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कोतवाली तिवारी अरविंद सिंह ने ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि आप सभी पुलिस विभाग की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और आप सब गांवों में होने प्रत्येक क्रियाकलाप के सजग प्रहरी है इसलिए आप सबका दायित्व है कि अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और प्रत्येक गतिविधि की जानकारी समय से पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से उप निरीक्षक धर्मेंद्र बहादुर सिंह, ललित मिश्र, अनमोल सहित ग्राम प्रहरी विशंभर, राजू, डालचंद, राजकिशोर, मिश्रीलाल, माधव, मायाराम, ईश्वर दीन रामकुमार, राजेंद्र आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**नो हेलमेट नो पेट्रोल को प्रभावी ढंग से लागू कराएं**

**जनचेतना, जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी से सड़क दुर्घटनाओं में लाई जा सकती है कमी**

बदायूँ। बीमारियों से ज्यादा मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती हैं। इसी के दृष्टिगत 01 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। सड़क सुरक्षा माह का विधिवत उद्धाटन कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने किया वहीं उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई व जागरुकता प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जनचेतना, जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी व उसका अनुपालन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकना हम सबका दायित्व है व सड़क सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने अधिकारियों को नो हेलमेट नो पेट्रोल को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कहा। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु से मृतक का पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से हुई कुल मृत्यु में 18 से 34 वर्ष तक के युवाओं की 66 प्रतिशत मृत्यु होने पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है सभी को इसमें योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि जब इस देश का व्यक्ति एक कदम चलता है तो पूरा देश 140 करोड़ कदम आगे बढ़ता है।



उन्होंने कहा कि हमें आज संकल्प लेकर जाना चाहिए कि हम सभी मिलकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएंगे व इसके प्रति जागरूकता उत्पन्न करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारियों व अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा कलेक्ट्रेट परिसर से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के दृष्टिगत संचालित किया जा रहे प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

सदर विधायक महेश चंद गुप्ता ने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा, उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अम्बरीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में देश में प्रतिवर्ष औसतन पौने दो लाख व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है तथा प्रदेश में औसतन साढे 24 हजार व्यक्तियों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है।

उन्होंने बताया कि देश के 100 जनपदों को सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा जीरो फैटीलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफपी) में के रूप में चिन्हित किया गया है इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 20 जनपदों को चिन्हित किया गया है जिसमें जनपद बदायूं भी शामिल है और 18वें स्थान पर है। यह वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के आधार पर बनाया गया है और सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा रोड सेफ्टी एक्शन प्लान भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना में गोल्डेन आवर में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम अस्पताल तक ले जाने वाले नेक व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में उत्तरोत्तर वृद्धि की गई है अब इसके अंतर्गत 25000 रुपए दिए जाएंगे व उसे सम्मानित भी किया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के वर्ष 2025 के 22 ब्लैक स्पॉट थे जिनमें से 09 में कार्य करा दिया गया है 13 का अनुमोदन शासन स्तर से प्राप्त हो गया है जिस पर जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में चार क्रिटिकल कॉरिडोर है जिनमें बदायूँ-बिजनौर मार्ग, बदायूँ-मेरठ मार्ग, मुरादाबाद-फर्रुखाबाद व राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के 21 थानों में से 11 थाने सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से क्रिटिकल थानों की श्रेणी में आते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईवोल्टेज की चपेट में आने से राज मिस्त्री की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में गुरुवार दोपहर करीब एक दर्दना क हादसे में राजमिस्त्री की जान चली गई, नगर कोतवाली क्षेत्र के उकरा ग्राम पंचायत में मका न की दूसरी मंजिल पर शटरिंग लगाते समय ए क 35 वर्षीय राजमिस्त्री इंद्रदेव का हाईवोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गया।गंभीर रू प से झुलसे इंद्रदेव को गोण्डा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक इंद्रदेव पुत्र पट्टर, इटियाथोक थाना क्षेत्र के लोहारन पुरवा बेलवा बहुता गांव का निवासी था। वह उकरा गांव में एक मकान की छत की ढलाई के लिए शटरिंग का कार्य क र रहा था।काम के दौरान ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार से उसका संपर्क हो गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।मेडिकल कॉ लेज पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई।परिजनों के अनुसार इंद्रदेव पिछले पांच वर्षों से पेशकार मिश्रा नामक ठेकेदार के अधी न काम कर रहा था और अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में चार बच्चे हैं बड़ा बेटा शंकर, बेटियां मानसी औ र शालू तथा सबसे छोटा बेटा मोहित,इंद्रदेव की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गोंडा मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी पर परिजनों और ठेकेदार के बीच मौत को लेकर कुछ देर त क कहासुनी भी हुई।मृतक के चचेरे भाई कर्ता राम सोनकर ने बताया कि इंद्रदेव पिछले चार दिनों से उसी मकान की दूसरी मंजिल पर शट रिंग का काम कर रहा था।नगर कोतवाल विवे क त्रिवेदी ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों और मकान मालिक से पूछताछ की जा रही है।परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने मॉर्च्यूरी पर हुई कहासुनी की भी पुष्टि की है।

## यूपी में आशा वर्कर्स की प्रदेशव्यापी हड़ताल 18वें दिन भी रहा जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर चल रही प्रदेशव्यापी हड़ताल का आज 17वां दिन पूरा हो गया। मालवीय मैदान में भीषण सर्दी के बीच खुले आसमान के नीचे बड़ी संख्या में आशाकर्मियों ने धरने में भाग लिया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि 23 दिसंबर के विधानसभा मार्च के दबाव में सरकार ने वार्ता शुरू की थी, जिससे उम्मीद जगी थी, लेकिन हाल के दिनों में नौकरशाही और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े अधिकारियों द्वारा हड़ताल को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समर्थित संगठनों और दलालों को मैदान में उतारा गया है, जिससे सरकार की मंशा साफ होती है। उन्होंने दो टूक कहा कि मांगें पूरी हुए बिना आंदोलन वापस नहीं होगा। जिला सचिव मनीषा ने कहा कि हरियाणा में 90 दिन और बिहार में



41 दिन की हड़ताल के बाद सरकारों को आशाकर्मियों के सामने झुकना पड़ा था। उ

त्तर प्रदेश सरकार भी यदि आशाकर्मियों को थकाने की रणनीति पर चल रही है तो यह गलतफहमी है। 20 वर्षों के शोषण के मुकाबले लंबा संघर्ष भी छोटा है।बिसौली, इस्लामनगर, आसफपुर और सैदपुर की आशाओं ने बिसौली सेंटर पर एकत्र होकर धरना दिया। उपाध्यक्ष निर्दोष और कोषाध्यक्ष नीलम सक्सेना ने एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। धरने में आशा विदेशा, किरण, माया, सुशीला, अंशु, अलका, खैरूलनिशा, रामलली सहित कई आशाकर्मी शामिल रहीं। आंदोलन आज भी जारी रहेगा।

## बल्दीराय के 57 गांवों को सदर में शामिल किए जाने पर अधिवक्ता संघ मुखर

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के सराय गोकुल एवं मायंग सर्किल के 57 गांवों को सदर तहसील में शामिल किए जाने के प्रस्ताव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मुद्दे पर बार एसोसिएशन बल्दीराय ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए शासन के समक्ष नाराजगी जाहिर की है। बार एसोसिएशन बल्दीराय के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज सिंह ने बताया कि सुलतानपुर जनपद की नवसृजित पांचवीं तहसील बल्दीराय का गठन पूर्व में राजस्व निरीक्षक क्षेत्र सराय गोकुल एवं मायंग का सर्वे कर कुल 217 गांवों को चिन्हित करते हुए किया गया था। इसी आधार पर तहसील का संचालन प्रारंभ हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि अब राजनीतिक कारणों से तहसील क्षेत्र के 57 गांवों को सदर तहसील में शामिल किया जा रहा है, जिससे बल्दीराय तहसील का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। गांवों के कट जाने के बाद तहसील क्षेत्र मात्र 188 गांवों तक सीमित रह जाएगा, जिससे इसकी प्रशासनिक उपयोगिता, भौगोलिक संतुलन और प्रभावशीलता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। एडवोकेट मनोज सिंह ने कहा कि इस निर्णय से आम नागरिकों, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा न्यायिक व प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी।

इस संबंध में बार एसोसिएशन बल्दीराय की ओर से राजस्व परिषद अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर 57 गांवों को सदर तहसील में शामिल किए जाने के निर्णय को निरस्त करने की मांग की गई है।

विरोध करने वालों में प्रमुख रूप से एडवोकेट मनोज सिंह, एडवोकेट वृजेश यादव, एडवोकेट वृज किशोर मिश्र, एडवोकेट अनिल कुमार यादव, एडवोकेट आनंद तिवारी, एडवोकेट धुर्वराज पांडे, एडवोकेट अखिलेश पाठक, एडवोकेट रोहित पांडे सहित दर्जनों अधिवक्ता शामिल रहे।

## यातायात नियमों का कडाई से पालन किया जाएगा : जिलाधिकारी

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनवरी 2026 तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अन्तर्गत जनपद में यातायात नियमों का कडाई से पालन किया जाएगा ।आमजन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए आज जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कलक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा जिलाधिकारी द्वारा परिसर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और अमूल्य मानव जीवन की रक्षा करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी द्वारा कलक्ट्रेट के सामने नेशनल हाईवे पर यातायात नियमों के अन्तर्गत हेलमेट एवं सीट बेल्ट की चैकिंग की गयी तथा बिना हेलमेट वाले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया तथा हेलमेट का वितरण भी कराया। इस अवसर पर एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ,क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं एनसीसी कैडेट आदि उपस्थित रहे।

## भदवार गर्ल्स कॉलेज में न्यू ईयर मेले में लगे खान-पान के स्टॉल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थित भदवार गर्ल्स इंटर कॉलेज में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोहित भदवार ने किया। मेले में छात्राओं द्वारा कॉफी, पानीपुरी, छोले-भटूरे, पूड़ी-सब्जी, गाजर का हलवा, रसगुल्ले, बिस्कुट, टॉफी सहित कई खान-पान के स्टॉल लगाए गए, जिनका मुख्य अतिथि ने निरीक्षण भी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने मेले को और आकर्षक बना दिया।

## सड़क के प्रस्ताव हेतु जिला पंचायत को लिखा पत्र

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली विधानसभा के ग्राम ढोरानपुर में ढोरानपुर से नगला रोड के लिए भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामवासियों से प्रदेश कांग्रेस कॉर्डिनेटर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव के सयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम ढोरानपुर में धरना स्थल पर वार्ता की प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस कॉर्डिनेटर ओमकार सिंह, जिलाद्बउपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सेवादल कांग्रेस यंग बिग्रेड शफी अहमद, जिलाउपाध्यक्ष राम रतन पटेल, जिला महासचिव इखलास हुसैन, जिला पंचायत सदस्य रजनी, जिला महासचिव किशनवीर मौर्या शामिल रहे इस अवसर पर ओमकार सिंह ने भूख हड़ताल में बैठे ग्राम वासियों से वार्ता की तथा एडीएम प्रशासन से फोन कर वार्ता की एडीएम प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त सड़क को जनपदीय कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है तथा बजट हेतु प्रमुख सचिव को जिलाधिकारी द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है इस अवसर पर ग्रामवासियों ने मौके पर ढोरानपुर से थानपुर तक 750 मीटर खड़ंजे की मांग की जिसको ओमकार सिंह द्वारा जिला पंचायत सदस्य रजनी सिंह से आव्हान किया गया जिसको जिला पंचायत सदस्य रजनी दिवाकर द्वारा मौके पर ही प्रस्तावित कर जिला पंचायत अध्यक्ष को पत्र लिखकर जल्द से जल्द ढोरानपुर से थानपुर सड़क को निर्माण करवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामवासियों ने कांग्रेसजनो को राष्ट्रीय ध्वज से सम्मानित किया।

## भ्रम और असत्य का तथ्यों से होगा तत्काल खंडन : प्रकाश पाल

कानपुर। आज का युग डिजिटल और सोशल मीडिया का युग है। भारतीय जनता पार्टी समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। यह नवीन सोशल मीडिया आईटी कार्यालय पार्टी की विचारधारा, सरकार की जनहितकारी योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही, विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और असत्य का तथ्यों के साथ तत्काल खंडन किया जाएगा। हमारी साइबर टीम लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत सकारात्मक और जिम्मेदार संवाद को आगे बढ़ाएगी। यह बातें गुरुवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में तृतीय तल पर सोशल मीडिया एवं आईटी के नवीन, अत्याधुनिक कार्यालय का शुभारम्भ आज क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता पूनम द्विवेदी क्षेत्रीय सोशल मीडिया संयोजक महेंद्र विक्रम, सह संयोजक हर्ष द्विवेदी एवं आईटी संयोजक मयंक भट्ट सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया तथा कहा कि यह कार्यालय क्षेत्रीय स्तर पर डिजिटल सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित आलोक शुक्ला, सौरभ कमल, सचिन गुप्ता, आयुष्मान सिंह, सुमित गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव आदि पदाधिकारियों ने नवीन कार्यालय के सफल संचालन हेतु शुभकामनाएं दीं और संगठन को डिजिटल रूप से और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## बबराला: बर्बरीक की तपोभूमि, जहाँ आस्था आज भी जीवित है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल । जनपद का बबराला कस्बा केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि भारतीय सनातन परंपरा और लोक आस्था का ऐसा केंद्र है, जहाँ आज भी महाभारत काल के वीर बर्बरीक की स्मृतियाँ जीवंत रूप में उपस्थित हैं। इस भूमि को बर्बरीक की तपोभूमि और त्याग की साक्षी माना जाता है—वही बर्बरीक, जिन्हें कलियुग में खाटू श्याम जी के नाम से संपूर्ण देश पूजता है।

**सनातन परंपरा में बर्बरीक का स्थान**

पौराणिक कथाओं के अनुसार बर्बरीक, महाबली भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही उनमें अद्भुत पराक्रम और भक्ति के गुण विद्यमान थे। भगवान शिव और मां कामाख्या की कठोर तपस्या के फलस्वरूप उन्हें ऐसे दिव्य वरदान प्राप्त हुए, जिनसे वे युद्धभूमि में अपराजेय हो गए। उनके पास तीन अमोघ बाण थे, जिन्हें संपूर्ण युद्ध का परिणाम बदलने में सक्षम माना जाता है।

**शीश दानः त्याग की सर्वोच्च मिसाल**

महाभारत युद्ध से पूर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ली गई बर्बरीक की परीक्षा सनातन संस्कृति में त्याग और धर्म की सर्वोच्च मिसाल मानी जाती है। श्रीकृष्ण के शीश दान मांगने पर बर्बरीक ने बिना किसी दुविधा के अपना शीश अर्पित कर दिया। यह केवल बलिदान नहीं, बल्कि अहंकार के पूर्ण त्याग का प्रतीक था। प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने उन्हें वरदान दिया कि कलियुग में वे 'श्याम' नाम से पूजे जाएंगे और 'हारे का सहारा' बनेंगे।

**बबरालाः तप, त्याग और श्रद्धा की भूमि**

स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शीश दान के पश्चात बर्बरीक का धड़ जिस स्थान पर गिरा, वही क्षेत्र आज बबराला के नाम से जाना जाता है। यही कारण है कि यहां की मिट्टी को पवित्र माना जाता है। कुछ अन्य मान्यताएं उनके धड़ को हरियाणा के हिसार क्षेत्र से जोड़ती हैं, किंतु बबराला की लोक आस्था इस क्षेत्र को बर्बरीक की तपोभूमि के रूप में स्वीकार करती है।

गंगा नदी के तट के समीप राजघाट क्षेत्र में स्थित बबराला प्राचीन काल से ही साधना, यज्ञ और तपस्या का केंद्र रहा है। यहां की लोक परंपराओं, धार्मिक आयोजनों और कथाओं में बर्बरीक के शौर्य और त्याग का वर्णन आज भी श्रद्धा के साथ किया जाता है।

**'हारे का सहारा': लोक विश्वास की शक्ति**

बर्बरीक को 'हारे का सहारा' कहा जाता है। जनमान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से उनका स्मरण करता है, वे उसके जीवन के संकट दूर करते हैं। यही कारण है कि बबराला सहित आसपास के क्षेत्रों में खाटू श्याम भजन, कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान नियमित रूप से आयोजित होते रहते हैं।

**आस्था और संस्कृति का जीवंत संगम**

बबराला की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान इस बात का प्रमाण है कि किस प्रकार पौराणिक कथाएं, लोक विश्वास और सामूहिक स्मृतियां किसी स्थान को आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करती हैं। यहां आस्था केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, त्याग और धर्म के भाव में समाहित है।

महाभारत काल के वीर बर्बरीक से जुड़ा यह क्षेत्र आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का केंद्र है—जहाँ त्याग, भक्ति और धर्म की सनातन परंपरा समय के साथ और अधिक प्रगाढ़ होती जा रही है।

## युवा विपरीत परिस्थितियों में करें मानव सेवा : संजीव

बदायूं। म्याऊ क्षेत्र स्थित गंगाधर पाठक बाल विद्या मंदिर, गूरा बरैला में त्रिदिवसीय स्काउटऽगाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा-भाव के संदेश के साथ हुआ। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आज के युवाओं को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानव सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। शिविर में बच्चों को आपदा प्रबंधन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक दायित्व का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य सुरभित पाठक ने कहा सच्चा स्काउट वही है जो संकट में मानवता की सेवा को प्राथमिकता देता है। शिविर में छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह, शिक्षक व प्रशिक्षक रहे मौजूद।

## कमर्शियल प्रॉपर्टी दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने सेक्टर-90 स्थित भूटानी अल्फाथम टावर में कमर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर 1.59 करोड़ की धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान देवांश शर्मा उर्फ श्याम गौतम (34) निवासी एपेक्स गोल्फ एवेन्यू, नोएडा एक्सटेंशन के रूप में हुई है। आरोपित पर नकली अलॉटमेंट लेटर और फर्जी एग्रीमेंट के जरिए लोगों से करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है।

थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि अक्तूबर 2025 को पीड़ित ने तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि आरोपित श्याम गौतम और विष्णु गौतम ने मिलकर अलग-अलग कंपनियों के प्रोजेक्ट को अपना बताकर लोगों को कमर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने नकली अलॉटमेंट लेटर और फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर पीड़ितों से भारी रकम वसूली लेकिन न तो प्रॉपर्टी दिलाई गई और न ही पैसा वापस किया गया। शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने वांछित आरोपित देवांश शर्मा उर्फ श्याम गौतम को भूटानी एल्फाथम के सामने सर्विस रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था। उन्होंने बताया कि एक अन्य आरोपित विष्णु गौतम की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित देवांश शर्मा उर्फ श्याम गौतम ने प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त और बिचौलिया व्यवसाय के नाम पर अपनी एक कंपनी बनाई थी। इस कंपनी के जरिए वह लोगों को आकर्षक योजनाओं का लालच देता था और कमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश कराने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलता था। पैसे लेने के बाद न तो प्रॉपर्टी दिलाई जाती थी और न ही धनराशि वापस की जाती थी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की जयंती उत्साह से मनाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंदौसी (संभल) । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक एवं प्रख्यात पत्रकार बाबू बालेश्वर लाल की जयंती गौशाला रोड स्थित मोगा फैमिली रेस्टोरेंट में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार बंधुओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की शुरुआत में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बाबू बालेश्वर लाल के ग्रामीण पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज को मुख्यधारा तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । संभल जनपद सहित पूरे क्षेत्र में पत्रकारिता ने नई ऊंचाइयों को छुआ । जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबू जी का संघर्ष और समर्पण आज भी युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने एसोसिएशन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों से एकजुट रहने का आह्वान किया। वहीं, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार गोस्वामी ने भी अपने संबोधन में बाबूजी के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा मिली और एसोसिएशन का विस्तार संभव हुआ। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी को एकजुट रहने को कहा।

इस अवसर पर एसोसिएशन के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष अरुण गोस्वामी, जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा मोहित भारद्वाज, मुकेश गौड़, आलोक शर्मा, महेश राघव, अंशुल गुप्ता, अंशुल सिंह, शिवम भारद्वाज, अरविंद मौर्य, महानंद गौतम, सौरभ वार्ष्णेय, अंकित कश्यप, पंकज शर्मा, अर्पित मल्होत्रा, संजू यादव, लक्ष्य शर्मा, कुलदीप पाठक, नितिन सागर, सौरभ मिश्रा, नवल किशोर गुप्ता हरिओम अग्रवाल, गौरव शर्मा, आदित्यकांत शर्मा, बॉबी कुमार, चरन सिंह, दीपचंद, रामपाल सिंह, , मनीष कुमार, अफसर अली, बबलू सैफी, रंजीत सिंह, कुलदीप गुप्ता, अंशुल वार्ष्णेय ,रिंकू दिवाकर, विनोद राघव, सुमित कुमार, कुंवर पाल सिंह, आशुतोष, शिवम जोशी, उदित सिंह, सुमित सहित जिले के पत्रकार मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा ऊपर से नीचे तक कमीशन खोरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । जिले के विकासखंड करनैलगंज में तमाम पेचीदगियों और नए - नए प्रयोगों के बीच गोंड़ा जिले में मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी स रकार फर्जी वाड़ा रोकने में विफल साबित हो र ही है, योगी सरकार भले ही जीरो टॉरलेंस नीति का ढोल पीट रही हैं,लेकिन इसकी जमीनी धरा तल पर तस्वीरें साफ तौर से देखा सकता है कि कैसे कथनी-करनी में अन्तर हैं।केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रोजगार गा रंटी योजना में लाखों मजदूर काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके जीवन यापन में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है लेकि न अब यह योजना पूरी तरह ऊपर से खुलकर कमीशन के खेल ने इस पूरी योजना की हवा निकाल दी है और यह योजना



करनैलगंज और इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र के गाँवो में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गई है।मनरेगा योजना में बड़े पै माने पर फर्जी वाड़ा देखने को मिल रहा है, जी हां जिले के करनैलगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। गाँवो में आएदिन ऐसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जिनमें कागज़ पर काम होता है,लेकिन धरातल पर कु छ नहीं होता हैं मनरेगा के साइड सिर्फ आपको डबल रोल का खेल दिखाई देगा यह सब जान कर और देखकर भी करनैगंजब्लॉक के एपीओ और वीडियो अनजान बने हुए है।ताजा मामला प्रतापपुर, रामगढ़, तरहटा और काशीपुर ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल में अपलोड की जा रही है।काशीपुर गाँव में दो का र्य के लिए 135 मजदूर, और प्रतापपुर में तीन कार्य के लिए 73 , रामगढ़ में एक कार्य के लिए 90 मजदूर, तरहटा गाँव में एक कार्य के लिए 90 श्रमिकों का डबलरोल हाजिरी लगाई जा रही है।

**डबल रोल के बावजूद वीडियो बने अंजान**

करनैलगंज ब्लॉक के स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कोई नई बात नहीं है।यहां तो रोज़ ही कागज़ों पर काम होता है,असल में कुछ नहीं। जब भी शिकायत की जाती है,तो ब्लॉक स्तर से जांच होगी कह कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक सब सेटिंग गेटिंग का खेल चल रहा है,जिसमें जिम्मे दारों की मिलीभगत से गरीबों के नाम पर पैसा उड़ा या जा रहा है।ब्लॉक के ग्रामपंचायत में भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। गांव में तालाब खुदाई और सड़क पटाई कार्य के लिए मजदूरों को लगाया गया है लेकिन धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं रहते है सिर्फ फोटो में डबल रोल का खेल जारी करके मनरेगा के साइड पर अपलोड किया जा रहा है।विश्वस्त सूत्रों की मा ने तो कुछ इसी तरह का खेल मनरेगा में चल रहा हैं।मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो ब्लॉ क के कई जिम्मेदार प्रतिनिधि और कर्मचारी क टघरे में होंगे।खैर देखना यह होगा की दूसरे मा मलों की तरह जांच ठंडी रहे गी या भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी। इस संबंध में जब मनरेगा से संबंधित एपीओ से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल फोन नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया और बात नहीं हो पाई है।

# जिला बनाने की मांग पर एकजुट हुए समाजसेवी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। संकल्प सेवा संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक कैंप कार्यालय, मोहल्ला कायस्थ टोला में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी धर्मेंद्रकांत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्र एवं समाज के विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर नानपारा को जिला बनाए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के महामंत्री केशव पांडे ने कहा कि देश के विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होने चाहिए। नानपारा को जिला बनाए जाने से हजारों एजेंसियां स्थापित होंगी, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, व्यापार बढ़ेगा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। संस्था के अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि वह समाजसेवियों के साथ मिलकर संगठन के माध्यम से पिछले 35 वर्षों से नानपारा को जिला बनाए जाने की मांग करते आ रहे हैं। उन्होंने सभी से इस



विकासात्मक अभियान में सहयोग करने की अपील की। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्रकांत श्रीवास्तव ने कहा कि श्रावस्ती जिला मानकों को पूरी तरह पूरा नहीं करता था, फिर भी राजनीतिक सहयोग के चलते उसे जिला बनाया गया। उन्होंने कहा कि नानपारा के लगभग 90 प्रतिशत मानक पूरे होने के बावजूद नेतृत्व के अभाव में जिला नहीं बन सका। उन्होंने सभी साथियों से रणनीति बनाकर दस्तावेज तैयार करने, योजनाबद्ध तरीके से शासन में पैरवी करने तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने का आह्वान किया। समाजसेवी सुरेश चंद्र शाह ने कहा कि वर्तमान समय में चुनाव के बाद विकास की चर्चा नहीं की जाती, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि नानपारा को जिला बनाना क्षेत्र का अधिकार है और इसे पूरा किए जाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। आलोक कुमार श्रीवास्तव पप्पू भैया ने कहा कि जिले की मांग को लेकर प्रयास और तेज किए जाएं, वह हर स्तर पर सहयोग देने को तैयार हैं। जिला बनाओ समिति के वॉलिंटियर-इन-चीफ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि रेलवे लाइन बन जाने के बावजूद ट्रेन का संचालन नहीं हो रहा है, साथ ही रोडवेज डिपो की स्थापना भी आवश्यक है। नामचीन महिला लेखिका हुस्न तबस्सुम निहां ने कहा कि जिला बनने से क्षेत्र का तेजी से विकास होगा और संस्था के सभी सदस्यों को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। सरदार सतपाल सिंह काके ने कहा कि जिले की मांग क्षेत्रवासियों का अधिकार है और सरकार को नानपारा को जिला घोषित करना चाहिए। महिला संपादक रामसखी वर्मा ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में आदर्श त्रिपाठी, साहित्यकार रोशन जमीर, अनिरुद्ध त्रिपाठी, हलीम अंसारी, सरफराज सिद्दीकी एवं अय्यूब अंसारी सहित अन्य लोगों ने भी अभियान को तेज करने पर बल दिया।

# डीजे कराटे ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ, लड़के लड़कियों को मिलेगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नानपारा में डी जे कराटे ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेंसेई सलीम बख्श (4पद्ध डैन ब्लैक बेल्ट, आई एस के एफ इंडिया) ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित मदन गोपाल त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बहराइच तथा नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद मौजूद रहे। ट्रेनिंग सेंटर के संचालक कराटे गुरु दिलीप जायसवाल (ब्लैक बेल्ट) ने बताया कि नानपारा में पहली बार स्थायी कराटे आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई है, जहां लड़कों और लड़कियों को कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा के तरीके सिखाए जाएंगे। केंद्र के मुख्य कोच दिनकर द्विवेदी ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण केंद्र में प्रतिदिन सुबह और शाम दो बैच संचालित किए जाएंगे, जिनमें नियमित रूप से कराटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक मजबूती भी विकसित होगी।

# खोया मोबाइल पाकर खिले चेहरे, गोण्डा पुलिस ने 171 लोगों को लौटाए मोबाइल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा। पुलिस ने एक साल में तकरीबन एक करो ड़ चार लाख पच्चीस हजार रुपए की मोबाइल बरामद किए हैं।सर्विलांस टीम के प्रयास से नए साल के दिन दोपहर में 171 लोगों के चेहरे उस समय खिल गए, जब उन्हें उनकी पूर्व में खोई कीमती मोबाइल मिली। बृहस्पतिवार को नए साल पर पुलिस ऑफिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के हाथों मोबाइल पाकर उनके स्वामी खुशी से झूम उठे पुलिस अ धीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि जिले में इधर कई महीनों से कीमती मोबाइल सेटों के गायब होने का मामला काफी ज्यादा पुलिस के पास आ रहा था।ऐसे में सर्विलांस टीम का सहा रा लिया गया।कीमती मल्टीमीडिया मोबाइल से टों को बरामद करने के लिए बकायदा सर्विलां स टीम में मोबाइल रिकवरी सेल का गठन कि या गया था।मोबाइल सेट को गुम होने की लगा तार शिकायत को देखते हुए उपनिरीक्षक गौरव सिंह तोमर प्रभारी के नेतृत्व में स्वाट टीम गाय ब मोबाइल सेट को खोजने में जुट गई। 171 कीमती मोबाइल सेट बरामद किया गया हैं।

बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक



कार्यालय में

पत्रकारों से रूबरू होकर एसपी ने मोबाइल स्वामियों को सौंपा। महीनों से गायब मोबाइल पाकर उनके चेहरे खुशी से झूम उठे बताते हैं कि पुलिस एवं सर्विलांस टीम के द्वारा विभिन्न कम्पनियों के कुल 171 मोबाइल फोन, जिन की अनुमानित कीमत सैंतीस लाख बासठ ह जार है बरामद किये गये हैं।बताते है कि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में वर्ष 2025 के दौरान जनपद में पुलिस एवं सर्विलां स सेल की संयुक्त टीम द्वारा कुल 695 खोये हु ए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये हैं। बताते हैं की

पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न कम्पनियों जिनमें एप्पल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, टेक्नो, रेडमी, वन प्लस आदि कंपनियों के गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किये गये हैं जिन्हें

वास्तविक मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया ग या हैं अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर मोबाइल धारकों के द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं जनपदीय पुलिस की प्रशंसा करते हुए आ भार व्यक्त किया हैं।

**पुलिस अधीक्षक ने की अपील**

पुलिस अधीक्षक के द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अपने मोबाइल फोन में 'संचार साथी' एप को प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर लें, जिससे भविष्य में मोबाइल खो जाने की स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आवश्यक सूचना एं प्राप्त होती रहें।मोबाइल खोने की स्थिति में मोबाइल की बिल,आईएमईआई, आधार कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने प र उपस्थित होकर सीईआईआर पोर्टल पर शि कायत दर्ज कराएं। मोबाइल मिलने की स्थिति में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना पं जीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होती रहेगी। मुख्यालय वं थानों द्वारा आगे भी इसी प्रकार साप्ताहिक मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयो जित किये जाते रहेंगे।बरामदगी में उपनिरीक्षक गौरव सिंह तोमर प्रभारी सर्विलांस,स्वाट टीम हेड कांस्टेबल,हृदय नारायण दीक्षित,रवि,अमित पाठक, कांस्टेबल अमितेश सिंह, अंशुमान पांडे हरि ओम टंडन साइबर सेल व समस्त थानों पर सीईआईआर पोर्टल पर नियुक्त टीम को पुलिस अधीक्षक के द्वारा खोये हुए मोबाइलों की बरम दगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा भी की गई।

## साइबर ठगी से बचने के लिए एपीके फाइलों को न करें डाउनलोड, खाली हो सकता है खाता

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद में पुलिस ने नए साल के आगमन के साथ ही साइबर ठगी की घटनाओं में वृद्धि की आशंका को देखते हुए आम जनमानस से अलर्ट रहने की अपील की है। नववर्ष के अवसर पर साइबर अपराधी लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। इस बार 'हैप्पी न्यू ईयर' के नाम से भेजे जाने वाले आकर्षक डिजाइन वाले मैसेज, ई-कार्ड और लिंक्स के जरिए लोगों को जाल में फंसाने की आशंका है। पुलिस ने आम जनता से अनजान नंबर से आने वाले संदिग्ध संदेशों से सतर्क रहने और किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी है। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने गुरुवार को बताया कि नए साल के मौके पर सोशल मीडिया पर बधाई संदेशों की भरमार देखने को मिलती है। साइबर ठग जिसका फायदा उठाकर 'हैप्पी न्यू ईयर', ग्रीटिंग कार्ड, वेडिंग इनविटेशन या ई-चालान के नाम से फर्जी एपीके फाइलें या लिंक भेजते हैं। ये लिंक या फाइलें व्यक्तिगत जानकारी, जैसे पैन कार्ड और आधार कार्ड, मांगने के लिए डिजाइन किए जाते हैं।

# शहर में घनी आबादी के बीच में तंग गलियों में सड़क किनारे बिक रहे घरेलू गैस सिलेंडर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिले में गैस एजेंसी के संचालकों के द्वा रा बिना मानक और सुरक्षा के मनमानी के चल ते शहर के अलग-अलग हिस्सों में करीब दर्जनों से अधिक जगहों पर घनी आबादी के बीच तंग गलियों में या रोड पर रखकर रिहासी इलाकों के बीच घरेलू गैस सिलेंडर टंकियों का वितरण किया जा रहा है जो बिना मानक और सुरक्षा के रखे जा रहे हैं जहाँ पर जिम्मेदार अपनी आं खें मूंदे हुए हैं, सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि हम का र्रवाई करते हैं।शहर के घनी आबादी व बिना सु रक्षा के हो रहे घरेलू गैस वितरण से इससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है जिसका खामि याजा बड़ी घटना के रूप में भुगतना पड़ सक ता है लेकिन न तो भारत पेट्रोलियम के अधिका री इससे मतलब रखते हैं और ना ही जिले के जिम्मेदार अधिकारी ईश्वर ध्यान देते हैं,यही नहीं भारत पेट्रोलियम के अधिकारी को तो अपने बि क्री से ही मतलब है।उन्हें तो ज्यादा से ज्यादा गै स बिकनी चाहिए,शहरी क्षेत्र में ही लाखो रसोई गैस



उपभोक्ता हैं,वहीं भारत गैस की कंपनियां हैं जिनके इतने ही बड़े गोदाम हैं, इनके सैकड़ा भर से ज्यादा आउटलेट हैं। बीते कुछ दिनों से गैस वितरण का नया फंडा कंपनियों ने निकाला है कि चुनिंदा जगहों पर ये ट्रकों से गैस सिलेंडर भेज देते हैं जहां रोड किनारे इन्हें अनलोड कि या जाता है, जहां से ग्राहकों को उनकी डिमांड स्लिप के द्वारा वितरण कर दिया जाता है।

**नोजल की नहीं हों रही जांच**

गैस सिलेंडर वितरण करने के दौरान ही इनके नोजल की जांच भी होती है इसमें कर्मचारियों द्वारा गैस लीक होने की आशंका पर सिलेंडर की गैस निकालकर उसे चैक करते हैं,जिससे वातावरण में गैस की गंध भर जाती है।उधर, सिलेंडर के लीक होने से ग्राहक को दूसरा सि लेंडर दे दिया जाता है,लेकिन लीक होने वाला सिलेंडर वहीं रखा रहता है जिससे देर शाम डेरा रहने तक ये सिलेंडर लीक होते रहते हैं।

**इन इलाकों में सुबह से शाम तक गैस भंडारण**

चौक बाजार फैजाबाद रोड जिगर स्कूल के पा स सिलेंडर रोड किनारे रखकर डिलीवर होते रोज देखे जा सकते हैं। स्थानीय जन बताते हैं कई बार गैस यहां लीक होते रहते हैं।वही चौक बजार ईदगाह रोड पटेल नगर के पास सड़क के किनारे दर्जनों से अधिक भरे सिलेंडर रहते हैं लोग सवाल करते हैं की घनी आबादी के बी च में इस तरह गैस सिलेंडर रखना खतरे से खा ली नहीं है।झंझरी ब्लॉक के पास चुंगी नाका के आगे सड़क किनारे सिलेंडर का वितरण होता है।यही नहीं गोंडा - बहराइच रोड गल्ला मंडी के पहले सड़क किनारे सैकड़ो गैस सिलेंडर गाड़ी पर रखा रहता है जहां सुरक्षा के मानकों को ता क पर रखकर बिक्री की जाती है सालों से यहां अवैध रूप से सड़क को ही गोदाम में तब्दील किया हुआ है।ऐसे ही आईटीआई मैदान में खु ले आम सैकड़ो से अधिक गैस सिलेंडरों का वि तरण जारी है। ऐसे ही सड़क के किनारे गोंडा स्टेशन रोड दुर्गा माता मंदिर के आगे वाहन से उतारकर दर्जनों से अधिक सिलेंडर रख लिए जाते हैं जिन्हें बाकायदा सिलेंडर पर बैठकर पर्चियों के आधार पर वितरित किया जाता है, जबकि यहां घनी आबादी है बगल में स्कूल और कई दुकानें भी हैं।

**नियम का नहीं हो रहा पालन,गैस गोदाम रहवासी इलाकों से दूर होने चाहिए**

इनमें अग्नि शमन के संयंत्र,रेत, पानी होने चाहि ए,गोदाम शेड के भीतर होना चाहिए जिसमें अ ग्निरोधक सामग्री बिछी होनी चाहिए।शेड में सि लेंडर भंडारण के चारों तरफ खुली जगह होनी चाहिए।भंडारण सार्वजनिक स्थानों सहित सड़ क पर नहीं होना चाहिए।गैस परिवहन में सिलें डरों को जांच के बाद ही भेजा जाना चाहिए। सिलेंडर ग्राहकों के घरों तक भेजने की जिम्मेदा री एजेंसी की होती है।रसोई गैस सिलेंडर को जमीन पर नहीं रखा जा सकता। लेकिन एजेंसी संचालक इन सब नियमों को दरकिनार करके खुले आम घरेलू गैस सिलेंडर का वितरण कर रहे हैं।

## जमीनी विवाद में महिला की पीट पीटकर हत्या

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव पूरे मोहम्मद नेवाज गांव में भूमि विवाद को लेकर अधेड़ महिला की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। परिजनों ने ग्राम प्रधान पति सहित अन्य कई लोगों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। इस घटना के बाद से गांव में तनाव की स्पुथिति बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे मोहम्मद नेवाज निवासिनी शिवपता उम्र करीब पचपन वर्ष पत्नी स्वर्गीय छोटेलाल का गांव में जमीनी विवाद चल रहा था।परिजनों का आरोप है कि गांव के ग्राम प्रधान के पति मोहम्मद तौकीर और उनके रिश्तेदार सहित अन्य कई लोगों ने मिलकर महिला पर जानलेवा हमला किया। बताया जा रहा है कि मृतका और आरोपियों के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से भूमि विवाद चल रहा था।बुधवार को दिन में शिवपता और ग्राम प्रधान पति के बीच विवाद हुआ था।आरोप है कि इसी रंजिश में शाम के समय ग्राम प्रधान के इशारे पर कई लोगों ने रास्ते में शिवपता को घेरकर बेरहमी से पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हो गईं। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन एंबुलेंस की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुये जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शिवपता की मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नामजद आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को आसानी से मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आदेष दिनांक 08 सितम्बर 2025 तथा मा. सी.सी.पी.डी. न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जिले/क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को 100 प्रतिशत श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये जाने एवं श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों को उनकी श्रवण हानि के प्रतिशत की परवाह किये बिना निर्धारित ड्राइविंग परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से जारी किये जाने के निर्देष निर्गत किये गये है। जारी आदेष में यह भी कहा गया है कि श्रवण बाधित (बाधिर) व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या बाधा उत्पन्न न की जाय एवं बाधिर व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

## अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत 15 जनवरी तक बन्द रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद के अन्तर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 15 जनवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में टीकाकरण, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

## 05 जनवरी का अवकाष हुआ निरस्त

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि षासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशो की सूची के प्रस्तर-2 के बिन्दु (पअ) कार्यकारी अदेशो के अन्तर्गत की सूची के क्रमांश-1 पर स्थापित श्री गुरू गोविन्द सिह जयन्ती के अवकाष दिनांक 05 जनवरी 2026 को विलापित किया गया है। उक्त के दृष्टिगत श्री गुरू गोविन्द सिह जयन्ती दिनांक 05 जनवरी 2026 दिन सोमवार के अवकाश को निरस्त किया जाता है। उन्होने बताया कि 05 जनवरी 2026 को जनपद के सभी कार्यालय पूर्व की भाति कार्य दिवस के रूप में संचालित रहेगे।

## तीर्थ यात्रियों से भरी मिनी बस कोहरे के चलते ट्रक से टकराई ,दो महिलाओं की मौत

हमीरपुर। हमीरपुर जिले के जरिय़ा थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तीर्थयात्रियों को लेकर चित्रकूट से उज्जैन जा रही टूरिस्ट बस ट्रक के पीछे घुस गई जिससे बस में सवार गुजरात की दो महिलाओं की मौत हो गई वहीं कई अन्य तीर्थयात्री घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वहीं घायलों को इलाज के लिए नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गुजरात के आनंद जिला निवासी जगदीश भाई ने बताया कि वह अपनी पत्नी गीता बेन और दोनों पुत्र रवि सचिन के अलावा अपनी समधन दिव्या बहन और अन्य परिजनों और रिश्तेदारों के साथ मिनी बस से धार्मिक यात्रा पर निकले हुए थे।

# धनपाल मेमोरियल स्कूल का शैक्षिक भ्रमण दल जगन्नाथ पुरी पहुंचा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के कैथागांव स्थित धनपाला मेमोरियल स्कूल का शैक्षिक भ्रमण नववर्ष पर जगन्नाथ पुरी उड़ीसा पहुंच गया। इस शैक्षिक यात्रा में विद्यालय के कुल साठ प्रतिभागी, जिनमें छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शामिल हैं। धनपाला मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक डॉ अविनाश मिश्रा ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, एतिहासिक विरासत, धार्मिक परम्पराओं एवं प्राकृतिक सौंदर्य से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है।जगन्नाथ पुरी जैसे ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थल पर पहुँचकर विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, सहअस्तित्व तथा सांस्कृतिक चेतना का विकास हो रहा है।विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों की सुरक्षा,आवास, भोजन एवं अनुशासन की समुचित व्ययवस्था की गई है।समस्त अध्यापक पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं जिससे यह यात्रा शैक्षिक के साथ साथ अनुभवात्मक बन सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिवार को विश्वास है कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा और वे इस यात्रा से अनेक सकारात्मक स्मृतियां एवं ज्ञान लेकर लौटेंगे।

## उत्तर प्रदेश के देवरिया में युवक की हत्या, आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम, बुलडोजर एक्शन की मांग

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के जनपद कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने की घटना से पूरे जिले में आक्रोश है। शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों ने सैकड़ों लोगों के साथ शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। नाराज लोग आरोपित मुस्लिम युवकों के घर पर बुलडोजर एक्शन की मांग कर रहे हैं। मौके पर एक दर्जन थानों की फोर्स भी तैनात है और अधिकारी समझाने का प्रयास कर रहे हैं। कसया थाना क्षेत्र के जुड़वनिया गांव में नौशाद नामक युवक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर निशांत उर्फ शक्तिमान सिंह पर चाकू से हमला किया था। गंभीर रूप से घायल निशांत की अस्पताल में मौत हो गई। इस वारदात से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने नैका छपरा चौराहे पर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धरने के चलते मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

# डीएम व एसपी के हाथों ज़रूरतमन्दों को मिली कम्बल की सौगात



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के साथ कलेक्ट्रेट जनता दर्षन में आये हुए दिव्यांगजन, निराश्रित, असहाय व जरूरतमंद गरीब बुजुर्गो को के साथ 50 अदद कम्बल का वितरण किया।

# राज्यमंत्री, डीएम-एसपी ने यातायात माह का किया शुभारंभ नियमों का पालन कर बचाई जा सकती है जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।जनपद में गुरुवार को पुलिस लाइन पीलीभीत में यातायात माह का शुभारंभ मा0 राज्य गन्ना एवं चीनी मिल मंत्री संजय सिंह गंगवार की उपस्थिति जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इस दौरान दोनों अधिकारियों ने यातायात माह के वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर मंत्री और दोनों अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को यातायात के प्रति जागरूक और सही से वाहन चलाने की शपथ भी दिलाई मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले यातायात नियमों का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है नियमों की जानकारी न होने और लापरवाही बरतने से सड़क हादसे बढ़ते हैं उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि व्यक्ति का जीवन अनमोल होता है इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही से इसे खतरे में नहीं डालना चाहिए उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को कम उम्र में वाहन न चलाने दें और उन्हें यातायात नियमों के पालन की शिक्षा दें वहीं, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा कि यातायात माह के दौरान आम जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक करने की जरूरत है उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, और नशे की हालत में वाहन न चलाएं उन्होंने कहा कि ओवरस्पीड से बचें,अपनी साइड पर निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और चलते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को यातायात के प्रति जागरूक तथा सही से वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरण कर जनजागरूकता अभियान चलाया गया है।

# नए साल के पहले दिन अस्पताल में जन्मे बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नव वर्ष को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा हर किसी ने अपने अपने अंदाज में नव वर्ष का स्वागत किया नगर के समाजसेवीयो ने सीएचसी में जन्में बच्चों को कपड़ों की किट देकर नव वर्ष मनाया सभी को नव वर्ष की शुभकामना दीं नए साल पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरनपुर के रहने वाले गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल ने नवजात बच्चों को कपड़ों की किट बांटी उन्होंने बताया कि नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नए साल के प्रथम दिन प्रभात बेला में जन्में बच्चों को गर्म कपड़ों की किट देकर नया साल मनाया इस मौके पर तीमारदारों और अस्पताल के स्टाफ को भी मिठाई खिलाई सभी का नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं जिलाकार्यकरिणी सदस्य ऋतुराज पासवान, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित और नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने उनके इस कार्य की सराहना की बताते हैं कि संदीप पिछले कई वर्षों से एक जनवरी को नवजात शिशुओं को गर्म कपड़ों की किट उपहार के रूप में देते आ रहे हैं इस मौके पर सीएचसी फार्मासिस्ट जितेंद्र संजीव नायर डॉ सूरज आदि स्टाफ मौजूद रहा नगर पालिका अध्यक्ष ने इसे अत्यंत सराहनीय कार्य बताया वही ऋतुराज पासवान ने ऐसे नेक कार्य को करने के लिए श्री खंडेलवाल को बधाई दी इस अवसर पर 26 छोटी-छोटी संकल्प का एक विशेष पत्रक एवं फ्लेक्स का भी विमोचन भी किया गया ,जिसमें 26 बहुत ही सुंदर बातें लिखी गई है, जो जीवन में प्रतिक्षण लाभ भी देगी।

# नए साल पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह अपने आवास पर वितरण किए कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नए साल के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने अपने आवास पर गरीबों को सैकड़ो कंबल वितरण किए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह कहा कि ठंड से परेशान गरीबों की मदद करने का पर पुण्य मिलता है। नए साल पर लोग तरह-तरह से अपना नया साल मनाते हैं। लेकिन हमने नव वर्ष के अवसर पर अपने आवास पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान प्रतिनिधि अगमवीर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह सहित कोने-कोने से आए सैकड़ो विकलांग, बुजुर्ग,महिलाएं उपस्थित रही हैं।

# आप की चुनावी रणनीति पर की गई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में आम आदमी पार्टी (आप) की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। तिकोनिया पार्क में आयोजित इस बैठक में पार्टी के आगामी चुनावी रोडमैप और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश गौतम के नेतृत्व में हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग और शासन के निर्देशानुसार बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावी बनाना था। आप नेता अख्तर राइन ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी सांसद संजय सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक वार्ड और विधानसभा स्तर पर 100 प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसका लक्ष्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना है। बैठक के दौरान ओबीसी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अकबर अंसारी का स्वागत किया गया। उन्हें सुल्तानपुर में पिछड़े वर्ग को संगठित और मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अख्तर राइन ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य और सम्मान की राजनीति करती है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की जनोपयोगी नीतियां अब जन-जन तक पहुंच चुकी हैं और आने वाले समय में इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच और भी मजबूती से जाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश प्रजापति, प्रदेश सचिव, जिला महासचिव राम विलास तिवारी सहित संगठन के कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। सुल्तानपुर में आम आदमी पार्टी की इस सक्रियता ने आगामी स्थानीय चुनावों की सरगर्मियां बढ़ा दी हैं।

# वरिष्ठता सूची में संशोधन के लिए बीएसए से मिले गणित विज्ञान के शिक्षक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में संशोधन के लिए गणित विज्ञान के शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षक जितेंद्र कुमार मौर्य ने 6 अगस्त 2013 के शासनादेश के क्रम में वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग की जिसके अनुसार पदोन्नति से आए अध्यापक और सीधी भर्ती के अध्यापकों की वरिष्ठता सूची समन्वित करते हुए क्रमशः एक पदोन्नत शिक्षक और एक सीधी भर्ती के शिक्षक को रखा जाना है साथ ही टेट पास शिक्षकों का ही प्राथमिक स्तर से उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर प्रमोशन के लिए वरिष्ठता सूची बनाए जाने की बात कही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की कि वरिष्ठता सूची में मौलिक नियुक्ति तिथि, उच्च प्राथमिक विद्यालय में पदोन्नति के दिनांक को रखा जाना चाहिए न कि प्रथम नियुक्ति तिथि को, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की मांग पर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही इस दौरान शिक्षक राजीव साहू, कृष्ण मोहन सिंह और मोहम्मद इसरार मौजूद रहे।

# बभनगवां में भीम भवन युवा संगठन का सराहनीय प्रयास, सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। इसौली विधानसभा क्षेत्र के कुड़वार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा बभनगवां में भीम भवन युवा संगठन गरीब कल्याण समिति की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष शहजाद अहमद ने शिरकत की और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।कड़ाके की ठंड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों गरीब व असहाय लोगों को कंबल प्रदान कर राहत पहुंचाई गई। मुख्य अतिथि शहजाद अहमद ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा ही सच्ची राजनीति है और ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक सौहार्द व मानवता को बल मिलता है।कार्यक्रम के आयोजक इंद्रजीत बौद्ध, सुरेश कुमार गौतम, सुल्तान खान, अमरीश कांत गौतम, सज्जाद रहमान, अनिल गौतम, सूरज प्रताप बौद्ध, मुन्ना सिंह, गंगा राम बौद्ध, हनुमंत बौद्ध, सुरकेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, प्रचार वाहनों को दिखाई गई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह का विधिवत शुभारंभ गुरुवार को किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला, आरटीओ प्रशासन अलका शुक्ला और पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी ने इसका उद्घाटन किया।अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पूरे महीने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर परिवहन विभाग ने वाहनों पर हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग से संबंधित जागरूकता स्टीकर लगाए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी ने नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सजग और जिम्मेदार बनना होगा। इसी क्रम में, नए वर्ष के पहले दिन से जनपद में सड़क सुरक्षा शपथ अभियान भी शुरू किया गया। आरटीओ अलका शुक्ला ने सभी जनपदवासियों से सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की।शपथ ग्रहण के दौरान, लोगों ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन न चलाने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने और सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने की भी शपथ ली गई। आरटीओ अलका शुक्ला ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलेगा। पहले 15 दिनों में जागरूकता कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व और जीवन की अमूल्यता से अवगत कराया।

## 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक वरुण राणा ने टीम के साथ गांव राजीव नगर से होकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रहे थे मुखबिर की सूचना पर कच्चे रास्ते से 15 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया रामप्रताप पुत्र छोटेलाल नि ग्राम उदयपुर खुर्द को ओर जाने वाले रास्ते से 15 लीटर शराब के साथ गांव के रामप्रताप को गिरफ्तार कर लिया कोतवाली पुलिस ने उप निरीक्षक वरुण राणा की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है।

## अर्ली गन्ना रिजेक्ट करने का आरोप लगाकर किसानों ने किया प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । किसान सहकारी चीनीमिल गेट पर अर्ली गन्ने से भरी कई ट्रालियां रिजेक्ट कर दी गईं इससे किसानों का आक्रोश फूट गया उन्होंने सीसीओ पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ट्रॉली कंाटे पर प्रदर्शन किया गुरुवार को पूरनपुर सहकारी चीनीमिल के गेट पर पहुंचे कई किसानों के अर्ली गन्ने को रिजेक्ट कर दिया गया किसानों ने बताया कि उनकी ट्रॉली में अर्ली और सामान्य गन्ना भरा हुआ है इसके बावजूद सीसीओ ने अपनी मनमानी के चलते गन्ने को रिजेक्ट कर दिया इसको लेकर दर्जनों किसान ट्राली कंाटे पर एकत्र हुए उन्होंने सीसीओ के खिलाफ मनमानी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की इस दौरान किसानों ने कहा कि गेट पर टोकन मिलने के समय गन्ने को लेकर कोई जानकारी नहीं दी जाती है।

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार,मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवको को तमंचे के साथ पकड़ा थाना पूरनपुर में तैनात उपनिरीक्षक सागर कुमार उपनिरीक्षक मंजीत चौधरी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 31जनवरी को वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे इस दौरान शकील पुत्र इकरार ढका पुलिया स्कूल के पीछे नहर किनारे से और दूसरा जाबिर पुत्र साबिर नि शेरपुर शेरपुर जाने वाले मार्ग पर वार्डेंट पब्लिक स्कूल जाने वाले मोड़ से पहले पुलिया जाने वाले मार्ग पर उन्हें एक सूचना प्राप्त हुई। इसके आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## नए साल पर महिला कल्याण विभाग द्वारा जनमानस को दिलाई शपथ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । महिला कल्याण विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये हैं।जिसमें मुख्य रूप से जयशंतरी पीठ ,जिला विद्यालय पुस्तकालय,अलीगंज विकास खंड मरौरी , नेहरू पार्क पर जनमानस के साथ बाल विवाह की सामूहिक शपथ दिलायी गयी। साथ ही शपथ कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को मीनाक्षी पाठक जिला संरक्षण अधिकारी,अजीत सिंह, मानिस्ता ,श्रीकांत सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई हैं।

## विधुत उपखंड कार्यालय में ओटीएस योजना का प्रथम चरण तीन जनवरी तक बढ़ा, उपभोक्ताओं को राहत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने वाली एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस के प्रथम चरण की समय-सीमा बढ़ाकर अब तीन जनवरी कर दी गई है। पहले यह योजना 31 दिसंबर को समाप्त होनी थी। पूरनपुर विद्युत उपखंड कार्यालय में बड़ी संख्या में उपभोक्ता बकाया विद्युत बिल जमा कराने पहुंच रहे हैं। विधुत विभाग एसडीओ मोहित गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि प्रथम चरण में उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि पर विशेष छूट दी जा रही है, जिसमें मूल राशि पर 25 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है, जबकि एक जनवरी से यह छूट घटकर 20 प्रतिशत रह जाती पर अब प्रथम चरण की समय सीमा 31 दिसंबर 2025 से बढाकर तीन जनवरी 2026 कर दी गई है। जिससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना में नवयुवक की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना कमरौली क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गढ़ा मोड के पास एक तेज रफ्तार डम्फर ने पिक अप वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया है। थाना क्षेत्र के मलावा गढ़ा मोड के पास तेज रफ्तार डम्फरर द्वारा पिक अप की टक्कर में दो युवक घायल हो गये जिन्हें पुलिस ने आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया जहां पर गांव उतेलवा निवासी सुधांशु साहू पुत्र मनोज साहू उम्र करीब उन्नीस वर्ष की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। घटना के बाद डम्फर चालक मौके से फरार हो गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## पुलिस ने शातिर अपराधी की दस लाख रुपये की सम्पत्ति किया जब्त

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना इन्हौना पुलिस ने गैरजनपद के शातिर अपराधी वकील द्वारा चोरी एवं मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार से अर्जित की गई सम्पत्ति जमीन जब्त की गई जिसकी कीमत दस लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर बुधवार को को यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना इन्हौना जनपद अमेठी के अभियुक्त मोहम्मद वकील पुत्र स्व. शरीफ निवासी वार्ड कुरैशी मोहल्ला मकान संख्या एक सौ तेइस नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट (मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार) से अर्जित की गई दस लाख रुपये की सम्पत्ति (जमीन) को थाना इन्हौना पुलिस द्वारा जब्त किया गया। उक्त सम्पत्ति शातिर अपराधी द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट (मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार) से अर्जित की गई थी एवं अपने परिजनों के नाम से बनाई गई थी। तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मोहम्मद वकील एक शातिर अपराधी है जो गैंग लीडर के रूप में अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये चोरी, मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार एवं समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त है जिसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत हैं।

## डीएम ने नववर्ष पर वृद्धजन आश्रम में वृद्धजनों से की आत्मीय मुलाकात

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नव वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गौरीगंज स्थित वृद्ध जन आश्रम का भ्रमण कर वहां निवासरत वृद्धजनों का हाल चाल जाना और उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाधिकारी एवं उनकी पत्नी ने वृद्धजनों के बीच फल एवं मिठाई का वितरण कर उनके साथ कुछ समय बिताया और उनका उत्साहवर्धन किया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने वृद्ध आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धजनों के स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था, आवास, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस के संकट

निस्संदेह, देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को फिलहाल बेहद मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव दर चुनाव उसका दायरा लगातार सिमटता ही जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चुनावी मोर्चे पर भी कांग्रेस के लिए बीत रहा साल निराशाजनक ही रहा है। कांग्रेस पार्टी को दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त का सामना भी करना पड़ा है। हालांकि, पार्टी ने 'वोट चोरी' मुहिम को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद उसके परंपरागत वोट फिर लौटकर नहीं आए। बल्कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को भी सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिल सका। पार्टी के लिए आने वाला साल एक नई चुनौती लेकर आ रहा है। आने वाले साल में असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर शीर्ष नेतृत्व का आत्मविश्वास से भरा रवैया दिखाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा। इस आयोजन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो सदैव हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश व्यक्ति के हितों के लिए खड़ी रही है।' वहीं इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़्गे ने घोषणा की कि 'कांग्रेस एक विचारधारा का नाम है और विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं।' लेकिन वास्तव में एक कड़वी सच्चाई यह है कि पार्टी के अस्तित्व पर संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। पार्टी संगठन में असंतोष की आहटें साफ तौर पर सुनाई दे रही हैं। यह असंतोष किस हद जा पहुंचा है, हालिया घटनाक्रम इसकी पुष्टि करता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की कुशल संगठनात्मक रणनीति की प्रशंसा और ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी थी। निश्चय ही आम कार्यकर्ता पर इसका सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा होगा। दरअसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। देखा जाए तो गाहे-बगाहे कांग्रेस संगठन से शीर्ष स्तर पर गहरे तक जुड़े रहे दिग्गज कांग्रेस नेताओं के पार्टी लाइन से हटकर दिए गये बयान पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं। जब कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का भाजपा व आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति को लेकर चौंकाने वाला बयान सार्वजनिक विमर्श में आया, तो उनके विचारों के प्रति शशि थरूर का संयमित समर्थन करता दृष्टिकोण भी सामने आया, जो यह भी दर्शाता है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक शक्ति के पुनर्निर्माण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकती। अक्सर कांग्रेस यह दावा भी करती रही है कि इतिहास, मूल्य और विचारधारा उसकी मूल पूंजी हैं। इस पूंजी को चुनावी लाभ में परिवर्तित किया जा सकता है या नहीं, यह बयानबाजी से कम और पार्टी में सुधार, संगठन के पुनर्गठन और जनता से प्रभावी ढंग से पुनरू जुड़ने की क्षमता पर अधिक निर्भर करता है। ऐसे समय में, जब राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा का एकछत्र वर्चस्व बना हुआ है और यह कह सकते हैं कि सभी क्षेत्रों में इसका दबदबा कायम है, भाजपा ने तो यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस 'चापलूसों की सेना' है। साथ ही उसे भारतीय लोकतंत्र की 'सबसे कमजोर कड़ी' तक करार दे दिया है। निस्संदेह, यह आलोचना, जो काफी हद तक सच के करीब है, कांग्रेस को आत्ममंथन करने और मौजूदा स्थिति में बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करेगी। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि अपने एक सौ चालीस साल के इतिहास में कांग्रेस एक चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ी हुई है। ऐसे में इस पार्टी का पुनरुत्थान भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए विपक्ष की संभावनाओं की कुंजी भी साबित हो सकता है।

# पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

> वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है। इस दिवस की शुरुआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरुआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरुआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया। प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है।

वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, 'शान्ति में एक दिन' से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है। इस दिवस की शुरुआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरुआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरुआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया। प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके पास समय नहीं, धैर्य नहीं और कभी-कभी सम्मान भी नहीं बचा। यह स्थिति केवल पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बढ़ा रही, बल्कि समाज को उसके नैतिक आधार से भी वंचित कर रही है। दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है। दुनिया भर में संस्कृतियाँ और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम ़परिवार, शिक्षा और कल्याणः आज और भविष्य़ इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है। वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी उतना ही महत्व दिया जाए। बच्चों के लिए समय निकालना दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य के समाज में निवेश के रूप में समझा जाए। बुजुर्गों को केवल सहारा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में पुनः स्वीकार किया जाए। वैश्विक परिवार दिवस और शांति व साझेदारी का वैश्विक संदेश हमें यह सिखाता है कि परिवार जितना सशक्त होगा, समाज उतना ही शांत और सहयोगी बनेगा। परिवारों में संवाद होगा तो समाज में टकराव कम होंगे। परिवारों में साझेदारी होगी तो राष्ट्रों के बीच भी सहयोग की भावना मजबूत होगी। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि वैश्विक समाधान के रूप में देखे। अंततः वैश्विक परिवार दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यदि परिवार सशक्त हुए तो शांति, साझेदारी और मानवीय मूल्यों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। भारतीय परिवार परंपरा आज भी प्रासंगिक है, आवश्यक है कि हम उसे समयानुकूल रूप देते हुए अपने जीवन के केंद्र में पुनः स्थापित करें, क्योंकि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और शांत विश्व की आधारशिला होते हैं। -ललित गर्ग

# भारत 2026: आगे ऊबड़-खाबड़ रास्ता

**पूनम आई. कौशिश**

जैसे ही 2025 इतिहास में एक उथल-पुथल भरे साल के रूप में दर्ज होता है, एक मिली-जुली स्थिति वाला भारत सावधानी भरी उम्मीद के साथ 2026 में कदम रखता है, क्योंकि उसके सामने नई चुनौतियां हैं। फिर भी, बीते साल की दहलीज से उम्मीद मुस्कुराती है, फुसफुसाते हुए कि यह ज्यादा खुशहाल होगा। क्या ऐसा होगा? निरूसंदेह, प्रधानमंत्री मोदी सही हैं। भारत के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है- ऑपरेशन सिंदूर, महाकुंभ, अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह, पुरुषों की क्रिकेट आई.सी.सी. चौंपियनशिप, महिला क्रिकेट विश्व कप और महिला ब्लाइंड टी20 विश्व कप जीतना, शुक्ला का इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन में पहले भारतीय बनना आदि। फिर भी, हम अभूतपूर्व समय में जी रहे हैं क्योंकि 2025 का अंत भयानक लिंचिंग की एक बदसूरत और शर्मनाक घटना के साथ हुआ, जिसमें 'दूसरों को अलग-थलग करने' की भावना सामान्य होती जा रही है। देहरादून में उत्तराखंडियों द्वारा 24 साल के त्रिपुरा के एक एम.बी.ए. छात्र को नफरत भरे अपराध में चाकू मार दिया गया, उसे 'चीनी, चिंकी, मोमोज, नेपाली' कहकर ताना मारा गया। दक्षिण में, ओडिशा और केरल में 20 साल के एक बंगाली और एक 31 साल के छत्तीसगढ़ी प्रवासी मजदूरों को 'बंगलादेशी' कहा गया। उत्तर-पूर्वी लोगों को राजधानी दिल्ली में नस्लवाद का सामना करना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या युवा और मजदूर अपने ही देश में बिना किसी डर के और सुरक्षित रूप से घूम नहीं सकते? दुख की बात है कि किसी भी सरकार ने नफरत भरे अपराध या नस्लवाद को मान्यता नहीं दी, पुलिस हमेशा खतरनाक विचारों और हिंसक घटनाओं को 'छिटपुट घटनाएं' कहकर टाल देती है लेकिन वे ऐसी नहीं हैं। वे इस जेनोफोबिया और 'दूसरों को अलग-थलग करने' के पैटर्न हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता और जो 'स्थानीय नहीं', छात्रों-मजदूरों के लिए अक्सर क्रूर रूप से सामने आते हैं। इसके अलावा, राजनीतिक ध्रुवीकरण और प्रतिस्पर्धा के दौर में, पहचान की बहुलता और ओवरलैपिंग के कारण, हम तेजी से अधिक नस्लवादी, जातिवादी और सांप्रदायिक होते जा रहे हैं, जिससे एक परेशान भारत असहिष्णुता के बढ़ते हमले के तहत अपनी आत्मा की तलाश कर रहा है। इससे भी बढ़कर, काफ्काएस्क जैसी दुनिया में, जहां नस्लीय पहचान एक चिपचिपा बोझ है, जिसे सामाजिक माहौल में हटाना मुश्किल है। चौंकाने वाली बात यह है कि क्रिसमस को आर.एस.एस. से जुड़े विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओं के शर्मनाक व्यवहार ने खराब कर दिया, जिन्होंने कैरल गाने वालों और क्रिसमस समारोहों में तोडफोड़ की, चर्चों और स्कूलों पर हमला किया, सांता कैप बेचने वाले विक्रेताओं को परेशान किया, बिना किसी डर के 'धर्म परिवर्तन' के आरोप लगाए, केरल, असम, ओडिशा, एम.पी., छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में दृष्टिबाधित ईसाई महिलाओं पर हमला किया। अफसोस की बात है कि न तो पुलिस ने संज्ञान लिया है और न ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए एफ.आई.आर. दर्ज की गई है या गुंडों को गिरफ्तार किया गया है। यह एक खतरनाक संदेश भेजता है कि जब राजनीतिक संरक्षण मान लिया जाता है तो सार्वजनिक व्यवस्था और संवैधानिक सुरक्षा को बिना किसी कीमत के मोड़ा जा सकता है। कोई बात नहीं, मोदी ने नुकसान की भरपाई के लिए दिल्ली के एक चर्च में मास में भाग लिया। एक मौलिक सवाल उठता है-क्या भारत सांप्रदायिक सद्भाव और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार रखता है? गहरी समस्या यह है कि पिछले एक दशक में, आत्मनिरीक्षण और सामाजिक सुधार की बजाय, युवाओं के एक बड़े वर्ग को नफरत, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, झूठा गौरव और दूसरों के प्रति तिरस्कार सिखाया गया है। ये भावनाएं अब सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम व्यक्त की जा रही हैं। पाखंड तब स्पष्ट होता है, जब बंगलादेश में हिंदुओं को भीड़ द्वारा जलाने पर गुस्सा व्यक्त करने वाले वही लोग हैं जो भारत के भीतर हत्याओं को सही ठहराते हैं या भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की गई हत्याओं का जश्न मनाते हैं। अल्पसंख्यकों और हाशिए पर पड़े लोगों के खिलाफ ड्क्षहसा को 'अंदरूनी मामले' कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर यही तर्क लगातार लागू किया जाए, तो भारत को दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों के उल्लंघन पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

## सेहत मंत्र

# रीढ़ की हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए करें मर्जरी आसन


दिनभर की भागदौड़ और तनाव का असर हमारे शरीर पर भी पड़ता है। इससे ऊर्जावान और सक्रिय बनाए रखना बहुत मुश्किल होता है। लेकिन मर्जरी आसन जैसे सरल योगा आसन का प्रत्येक दिन अभ्यास करने से शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। मर्जरी आसन की स्थिति बिल्ली के जैसी होती है इसलिए इसे मर्जरी आसन कहते हैं। संस्कृत में बिल्ली को मर्जरी कहते हैं और इस आसन में आदमी के शरीर की स्थिति बिल्ली के जैसी हो जाती है। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डियों में पर्याप्त खिंचाव होता है जो शरीर को लचीला बनाये रखने में कारगर होता है। कैसे करें मर्जरी आसन- टेबल मुद्रा के समान हथेलियों और घुटनों पर शरीर को स्थापित कर दीजिए। इस अवस्था में कलाई कंधे के नीचे और घुटने हिप्स के नीचे होने चाहिए। इसके बाद हथेलियों को फैलाइए, इस क्रिया में मध्यमा (पांचों उंगलियों के बीच की उंगली) को एकदम सीधा रखिए। मेरूदंड (पीठ की हड्डी), गर्दन और सिर को एक सिधाई में रखिए। इस अवस्था में मेरूदंड को बिलकुल भी झुकाना नहीं चाहिए।इस आसन क्रिया में शरीर का पूरा भार हथेलियों और घुटनों पर एक समान रूप से डालिए। हिप्स को अंदर की ओर लीजिए और कमर को छत के ऊपर की तरफ उठाइए। इसके बाद ठुड्डी को सीने से लगाइए। गहरी सांस अंदर खींचते हुए पेट को नीचे की तरफ ले आकर कमर को ऊपर की ओर ले जाइए। सिर को छत की दिशा में उठाते हुए सामने की तरफ देखिए। इस मुद्रा को कम से कम 5-7 बार दोहराइए। आसन के दौरान हड्डियों में पूरा खिंचाव हो इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस अवस्था में शरीर के पिछले भाग में दबाव नहीं हो इसका ख्याल रखना चाहिए। जब कमर को उठा रहे हों और पीठ को घुमा रहे हों तब उस समय कंधे तनाव रहित होने चाहिए। मर्जरी आसन के लाभ- मर्जरी आसन करने से शारीर का तनाव दूर होता है। इस आसन को करके शरीर को चुस्त और दुरुस्त बनाया जा सकता है। इस योग मुद्रा से शरीर में रक्त-संचार सुचारू तरीके से होता है।

## धर्म मंत्र

# भय से मुक्ति और शक्ति की प्राप्ति के लिए हनुमान जी के इन मंत्रों का करें जाप

भय मुक्त करती है बजरंगबली की पूजा- ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव हैं, और जो भी श्रद्धा भाव से उनकी आराधना करता है वो भय या किसी भी तरह के डर से मुक्त हो जाता है। सबसे खास बात ये है कि हनुमान जी को प्रसन्न करना बेहद सरल है। कोई भी बाधा उनके स्मरण से ही दूर हो जाती है। हनुमान जी सभी सिद्धियों के दाता भी माने जाते हैं। उन्हे प्रसन्न करके कोई भी सिद्धि और शक्ति को प्राप्त की जा सकती है। सूर्य के शिष्य हनुमान जी बेहद ज्ञानी भी हैं। हनुमान साधना के नियम- ये सच है कि हनुमान क्रोध ना करने वाले और सहज प्रसन्न होने वाले देवता है, परंतु उनकी साधना करने के पूर्व कुछ नियमों के बारे में अवश्य जान लें। बिना इन नियमों का पालन करे आप बजरंग बली को प्रसन्न तो नहीं ही कर पायेंगे उनके कोप के भी भागी बन सकते हैं। 1- पूजन के दौरान ब्रह्मचर्य का पालन करें। 2- सेवा भावना रखें और क्रोध व अहंकार से दूर रहें। 3- हनुमान जी को घी के लड्डू का प्रसाद चढ़ायें। 4- तामसिक भोजन का परित्याग करें। 5- मंगलवार को हनुमान जी का व्रत होता है उस दिन नमक सेवन न करें। हनुमान जी की साधना में इनका रखें ध्यानः हनुमान जी की पूजा करने वाले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें तो वे आसानी से उन्हें प्रसन्न कर सकते हैं।1- हनुमान जी को श्री राम से अत्यंत प्रेम है इसीलिए तुलसीदास उन्हें बेहद प्रिय थे। राम नाम के स्मरण करने से ही तुलसी को हनुमान सहज प्राप्त हो गये थे।

## पर्यटन





# महाराष्ट्र में हैं तो इन ट्रेकिंग स्पॉट्स पर जाएं जरूर

महाराष्ट्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जंगल के बीच ट्रेकिंग अभियानों के लिए बेहद प्रसिद्ध है। यहां के आकर्षक हिल स्टेशन, शांत झीलें, के साथ ट्रेकर्स के शौकीनों के लिए बेहतरीन ट्रेकिंग स्पॉट्स मौजूद हैं। अगर आपा भी उनमें से एक हैं, जो एडवेंचर पसंद करते हैं तो ऐसे में आपको महाराष्ट्र के कुछ ट्रेकिंग स्पॉट्स में जरूर जानना चाहिए। माथेरान ट्रेकः माथेरान अपनी सौहार्दपूर्ण जलवायु और विभिन्न ट्रेकिंग ट्रेल्स के साथ, वर्ष भर पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां करीबन 28 व्यू प्वाइंट मौजूद हैं। विभिन्न ट्रेकिंग मार्गों के बीच, सबसे प्रसिद्ध एक गार्बर्ट पठार से होकर जाता है। इसके अलावा, चंदेरी गुफाओं की ट्रेकिंग करना अपने आप में बेहद एडवेंचर्स है। कलसुबाई ट्रेकः 5,400 फीट की ऊंचाई के साथ कलसुबाई, सह्याद्री पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी है। यह कलसुबाई हरिश्चंद्रगढ़ वन्यजीव अभयार.य का एक हिस्सा भी है जो कलसुबाई से हरिश्चंद्रगढ़ तक फैला हुआ है। बारिश के मौसम में यहां ट्रेकिंग करना सबसे अच्छा अनुभव है। इस समय यहां पर हरी?भरी घाटियां, ठंडी हवाएं, बादलों को मँडराते हुए और रोमांचकारी झरने नजर आते हैं। कोरीगाड फोर्ट ट्रेकः कोरीगाड किला पुणे जिले में लोनावाला से लगभग 20 किमी दूर स्थित है। कोरिगड फोर्ट ट्रेक महाराष्ट्र में लोकप्रिय ट्रेक में से एक है। शिखर तक पहुँचने के लिए दो मार्ग हैं। एक पेठ शाहपुर नामक गाँव का है और दूसरा अंबावने गाँव का है। शिव और विष्णु को समर्पित अन्य छोटे मंदिरों के साथ, यहां देवी कोराई देवी का मंदिर भी मौजूद है। तिकोना ट्रेकः तिकोना ट्रेक जिसे विटंदगढ़ के नाम से भी जाना जाता है, पुणे से लगभग 60 किलोमीटर दूर कामशेत के पास स्थित है। यह पश्चिमी भारत के मावल में एक प्रभावशाली और प्रभावी पहाड़ी किला है। 3500 फीट तक की पहाड़ी, इसका नाम इसके पिरामिड आकार से लिया गया है। एक ट्रेकिंग गंतव्य के रूप में, यह अपने बड़े दरवाजों, सात पानी की टंकियों, त्र्यंबकेश्वर महादेव के मंदिर और कुछ सातवाहन गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है। राजमाची ट्रेकः राजमची, लोनावाला से लगभग 15 किमी दूर, भारत में सबसे लोकप्रिय ट्रेकिंग स्थलों में से एक है। यहां दो किले हैं, जिनका नाम श्रीवर्धन और मनरंजन है। ऐतिहासिक व्यापार मार्ग पर स्थित, वे घाटी के शानदार दृश्य प्रदान करते हैं। पूरा मार्ग दोनों तरफ घने जंगलों से घिरा हुआ है।

# नव वर्ष पर भाजपा जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए लल्लन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। रसूलपुर बदोसराय में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने नए वर्ष के पहले दिन पदाधिकारी और पुराने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के कार्यों के साथ-साथ लाभार्थियों से मिलकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।यह बात बदोसराय में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के दौरान नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा उर्फ भुल्लन ने कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।जिलाध्यक्ष बनने के बाद से सभी कार्यकर्ताओं से मिलने का सिलसिला जारी है, और पुराने कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की जा रही है, जिनके कारण भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। एसआईआर के संबंध में उन्होंने कहा कि इससे भाजपा को कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर मतदाता सूची को लेकर कड़ी मेहनत की है। इस कार्यक्रम में पूर्व मण्डल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय, राजकुमार सोनी, राजेश द्विवेदी, अमित भैया रामजी, रामसागर कनौजिया, प्रहलाद कुमार विमल, अमरेंद्र प्रताप सिंह, ज्योति गुप्ता, संदीप वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा राम निवास लोधी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीडीसी शकील की प्रशंसा में उठे हाथ

# जरूरतमंद, वंचितों में गोप ने किया कंबल वितरित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मसौली बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी द्वारा अपने माता पिता की याद मे आयोजित कम्बल वितरण मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप एव सपा विधायक हाजी फ़रीद महफूज किदवाई ने क्षेत्र के 5 सैकड़ा से अधिक गरीब व वंचित लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल प्रदान किये।श्री गोप ने आयोजक शकील सिद्दीकी के इस पुनीत कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि गरीबो की दुआएं लेने वाले हमेशा कामयाब रहते है।

पूर्वमंत्री श्री गोप ने नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि तरक्की वही व्यक्ति करता है जिसका मन बड़ा होता है। शकील सिद्दीकी ने अपने पिता की याद में जो गरीबो की मदद करने का काम किया है उन्हें दुआये मिल रही होगी। श्री गोप ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गरीबो की दुआ व बदुवा भी मिलती है वर्तमान सरकार में देश प्रदेश का किसान, नवजवान सभी परेशान है। पूर्वमंत्री एवं रामनगर सपा विधायक हाजी फ़रीद महफूज किदवाई ने कहा कि शकील सिद्दीकी द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम जो अपने पिता की याद में करते हैं जिससे तमाम लोगों को इससे फायदा मिलता है।

जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने कहा कि मेरे माता पिता जीवन पर्यंत यह शिक्षा देते रहे कि हमेशा जरूरतमंदों की मदद बढ़-चढ़कर करनी चाहिए। आज भले ही वह दुनिया में नहीं है लेकिन उनकी दी हुई सीख को उन्होंने अपने जीवन में आत्मसात कर रखा है।कम्बल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ागाँव, मसौली, भयारा, छुलहा बन्नी, सदरुद्दीनपुर, अमदहा, मेढ़िया, डेडवा, नेवला, करसंडा, हेतमपुर, मुंजापुर, कुड़वा, किन्हौली, फतेहपुरवा, दहेजिया गाँवो के 500 व्यक्तियों को कम्बल दिये गये। मौक़े पर सपा नेता धीरेन्द्र वर्मा, महमूद सिद्दीकी, बलराम सिंह, हशमत अली गुड्डू, पूर्व चैयरमैन जैदपुर रियाज अहमद पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, हफ़ीज राइन, छोटेलाल वर्मा , अजय वर्मा , नूर मोहम्मद, युवा सपा नेता तुफैल सिद्दीकी, रयान सिद्दीकी, कृपा शंकर सोनी नौसाद राइन, शानू प्रधान, सोनू रावत आदि मौजूद रहे।

# जागरुकता बाइक रैली को डीएम व एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। देश में हर दिन सैकड़ों सड़क हादसे होते हैं। इन हादसों में हर साल हजारों लोग जान गंवाते हैं। इन्हीं हादसों को रोकने के लिए सरकार ने सड़क पर वाहन चलाने को लेकर कई नियम बनाए हैं। रोड पर किसी भी तरह के वाहन चलाने वाले व्यक्ति को इन नियमों का पालन करना जरूरी है। उक्त विचार कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ करते हुये जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित यात्रा किये जाने की शपथ दिलाने के पश्चात व्यक्त किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रुप से बाइक जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जोकि शहर के विभिन्न मार्गों पटेल तिराहा, बस अड्डा, कंपनीबाग चौराहा, छाया चौराहा, नेवलेट तिराहा, लैया मंडी, धनोखर चौराहा, खोया मंडी, नाका सतरिख चौराहा होते हुए रामनगर तिराहा पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दूसरों की सुरक्षा उतनी ही जरूरी जितनी आपकी अपनी है। यातायात नियम मानें, सुरक्षित लौटें। यही असली समझदारी है।

सड़क पर चलने वाला हर वाहन, हर इंसान किसी परिवार की उम्मीद होता है। सड़क दुर्घटनाओं तथा उनसे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए परिवहन व यातायात विभाग अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगे।

### जिलाधिकारी ने दिलाई सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करने की शपथ

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने आमजन को जागरुक करते हुये कहा कि वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीटबेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें। तेज गति से वाहन न चलाएं। युवा किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें। तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, रेड्क्रास सोसाइटी चैयरमैन शैलेन्द्र सिंह, ट्रक ट्रासंपोर्ट यूनियन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा, स्काउट गाइड मास्टर राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# 7 करोड़ लागत परियोजनाओं का मंत्री सतीश ने किया शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। नगर पंचायत टिकैतनगर में गुरुवार को योगी सरकार के खाद्य एवं रसद एवं आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर 1311 पात्र लोगों को कंबल भी वितरित किए गए। कुल 6 करोड़ 95 लाख रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी गई।यह कार्यक्रम नगर पंचायत टिकैतनगर के कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार गरीबों के लिए योजनाएं चला रही है, जिससे उन्हें लाभ मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को दोहराया कि प्रदेश में कोई भी गरीब भूखा या बेघर नहीं रहेगा मंत्री ने बताया कि सरकार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से गरीबों को मकान उपलब्ध करा रही है, वहीं निशुल्क राशन भी मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नगर पंचायतों और गांवों को भी विकास से तेजी के साथ जोड़ रही है। उन्होंने इन परियोजनाओं को मुख्यमंत्री की प्रेरणा का परिणाम बताया।इस अवसर पर मंत्री सतीश शर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने टिकैतनगर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना ये विकास कार्य संभव नहीं थे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित कई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

### नेकी का चबूतरा जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कस्बा बदोसराय में संकल्प हेल्प फाउंडेशन ने 'नेकी का चबूतरा' संचालित किया है। इस पहल के तहत, जरूरतमंद लोगों के लिए पुराने कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं रखी गई हैं, जिनका वे अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग कर सकते हैं।फाउंडेशन के संस्थापक आलोक कनौजिया ने बताया कि इस नेक कार्य की शुरुआत 1 जनवरी को की गई थी। इसका उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचना है।कनौजिया ने लोगों से अपील की है कि वे अपने अनुपयोगी लेकिन अच्छी स्थिति वाले कपड़े और अन्य वस्तुएं इस चबूतरे पर रखें। उन्होंने विशेष रूप से यह भी निवेदन किया कि दान की जाने वाली वस्तुएं साफ-सुथरी और व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को एक अच्छा संदेश मिले।

### हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

जैदपुर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के सिद्धौर जैदपुर मार्ग स्थित नवाबपुर के पास असंद्रा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर चंदीसिंह गांव निवासी रामसजीवन अपनी करीब 53 वर्षीय पत्नी शिव देवी के साथ गुरुवार करीब 10 बजे बाइक से बाराबंकी की ओर जा रहा था। तभी नवाबपुर गांव के पास एक साइकिल सवार टकराया। तभी बाइक पर बैठी शिव देवी सड़क पर गिरी। तभी उधर से गुजर रहे भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश रावत ने एम्बुलेंस आने में देर देखा और अपने गाड़ी में बैठाकर घायल महिला को सीएचसी जैदपुर पहुंचे। तब तक बहुत देर हो चुकी थी।डॉ. नजमुल सिद्दीकी ने महिला को मृत घोषित कर दिया। गांव में कोहरा मच गया।

### फंदे से लटकता युवती का शव बरामद, फंदे से लटकता मिला शव

निंदूरा बाराबंकी। घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम करीमपुर मजरे बजगहनी में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। युवती का शव घर से करीब 400 मीटर की दूरी पर आम के पेड़ से फंदे से लटकता मिला। पिता ने गांव के ही कुछ लोगों पर दुष्कर्म कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद आरोपियों ने युवती के शव को गांव के पास एक आम की बाग में पेड़ में लटका दिया। परिजनों के अनुसार घटना की उन्हें बृहस्पतिवार रात में कोई जानकारी नहीं हो सकी। सुबह जब देखा कि युवती घर में नहीं है तो उसकी तलाश शुरू हुई। कुछ दूर बाग में पेड़ से लटका युवती का शव मिला, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर दुष्कर्म और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद व साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाबा मस्तराम दास आश्रम का देखते बना अद्भुत परिदृश्य

निंदूरा बाराबंकी। नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को कुर्सी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहरौली स्थित प्रसिद्ध बाबा मस्तराम दास आश्रम में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नए साल के आगमन पर आयोजित हवन-पूजन एवं दर्शन के लिए सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचने लगे।

श्रद्धालुओं ने बाबा मस्तराम दास के दर्शन कर हवन-पूजन में भाग लिया और परिवार सहित सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नव वर्ष की शुरुआत धार्मिक वातावरण में करने की भावना के चलते आश्रम परिसर पूरे दिन भक्तों से गुलजार रहा। विशेष रूप से युवाओं की उपस्थिति अधिक देखने को मिली, जो उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चन में शामिल हुए भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। आश्रम परिसर और आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे दिन भजन-कीर्तन और हवन की सुगंध से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा मस्तराम दास से नव वर्ष को शांति, सद्भाव और उन्नति से भरपूर होने की प्रार्थना की।

### कल्कि पीठाधीश्वर ने हिंदुओं की घटती आबादी पर चिंता जताई

संभल। जनपद संभल के ग्राम ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित कल्कि धाम में गुरुवार को मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। प्रत्येक माह के प्रथम दिवस पर होने वाले इस परम्परागत सत्संग में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने प्रवचन दिया। उन्होंने संभल सहित देश के कई हिस्सों में हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। आचार्य कृष्णम् ने कहा कि देश के अनेकों भागों में बिगड़ता जनसांख्यिकी संतुलन भारत को एक और बंटवारे की ओर धकेल सकता है। उन्होंने इसे अत्यंत चिंताजनक बताते हुए सरकारों से इस ओर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उनके अनुसार, आज देश में कई ऐसे स्थान हैं जहां हिंदू अल्पसंख्यक बन चुके हैं। आचार्य कृष्णम् ने इसे भारत की एकता और अखंडता के लिए भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने श्री कल्कि धाम को आस्था का हिमालय और जीवंत प्रमाण बताया।

# डाक सेवक राकेश सेवानिवृत्त, भाव भीनी विदाई



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सूरतगंज क्षेत्र के शाखा डाकघर भिटौली उपमंडल में कार्यरत डाक सेवक राकेश कुमार अवस्थी की सेवानिवृत्ति पर बहराम घाट कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पोस्टमास्टर संतोष शुक्ला ने की।इस दौरान अवस्थी जी के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।वहीं कर्मचारियों ने उनके कार्यों को स्मरणीय बताते हुए भावपूर्ण विदाई दी।कार्यक्रम में नितिन मिश्र सुभाष वर्मा सुरेश विजय कुमार जोया अवधेश आदि डाक कर्मियों ने शुभकामनाएं व्यक्त कर नव वर्ष की बधाई दी ।

# पंचायत सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ब्लॉक सभागार में पंचायत सहायकों और पंचायत सचिवों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सकुशल संपन्न हुआ।हो गया है। ग्राम पंचायतों के लिए राजस्व संग्रहण के तरीकों और स्वयं के आय स्रोतों पर तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान और सचिवों को विभागीय ओएसआर पोर्टल/आवेदन प्रक्रिया और संग्रहण के तरीकों पर प्रशिक्षित किया गया।सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा के संयोजन में यह प्रशिक्षण बुधवार को शुरू होकर गुरुवार को संपन्न हुआ।प्रशिक्षण प्रशिक्षक जितेंद्र पांडेय और मदन किशोर पाठक ने पंचायत सहायकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की।इस प्रशिक्षण में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, पंचायत सचिव तेजभान, रवि कुमार, अरविंद कुमार, सतीश वर्मा, कुलदीप वर्मा, मनीष शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, राजेश कुमार और सुरेश कुमार यादव पंचायत सहायक विष्णु सोनकर, अमरेंद्र वर्मा, विनय यादव, रितेश मौर्या, सोनी यादव, मनीषा, अवंतिका सिंह, अमित मौर्य, सुनील, सीमा वर्मा, पारुल पाल सहित कई अन्य पंचायत सहायक भी मौजूद थे।

### अनियंत्रित बाइक खढ्ढ में गिरी किशोर की मौत



बाराबंकी। थाना क्षेत्र के महादेवा मीतपुर मार्ग पर खोजानपुर मोड़ के पास गुरुवार शाम चार बजे हुए मोटरसाइकिल हादसे में एक नाबालिग की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।महादेवा मंदिर से दर्शन कर लौट रहे चार युवक बाइक पर सवार थे।सामने से आ रही कार को देखकर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरे।हादसे में 15 वर्षीय आशीष पुत्र अशोक शर्मा निवासी झाला मीतपुर की इलाज के दौरान मौत हो गई।घायलों जीतू और यश चौहान का इलाज जारी है।पुलिस टीम ने पंहुचकर आवश्यक कार्रवाई की।

## कोटवा धाम में भोर से लगी कतार

# नव वर्ष के उपलक्ष्य में तीर्थों में उमड़ा श्रद्धा भक्ति का सैलाब





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर / सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। नववर्ष के मौके पर एक जनवरी को जनपद के प्रसिद्ध तीर्थस्थल शिव दरबार लोधेश्वर महादेवा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।जिले भर से पहुंचे जनप्रतिनिधियों राजनेताओं अधिकारियों एवं हजारों शिवभक्तों ने भगवान श्रीलोधेश्वर महादेवजी का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं व अधिकारियों एवं हजारों शिवभक्तों ने भगवान श्रीलोधेश्वर महादेवा का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी सपरिवार मठ में पंहुचे और जलाभिषेक व आरती पूजन संपन्न किया।इस मौके पर उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल सहित अन्य राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।दिनभर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा वहीं महादेवा क्षेत्र देर रात तक हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा।श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल बेलपत्र व पुष्प अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की।इसी दौरान सपा नेता अरविंद सिंह गोप ने महादेवा मठ में पहुंचकर श्रीलोधेश्वर जी का अभिषेक कर चौखट पर माथा टेका और भोले बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। कुंतीश्वरधाम, पारिजात धाम व ,सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्रीकोटवाधाम बड़े बाबा के दरबार में नव वर्ष के अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में आचमन किया और स्वामी जी की समाधि पर चादर व प्रसाद चढ़ाकर मनवांछित फलों की प्राप्ति तथा विश्वमानव कल्याण की कामना की।गुरुवार को ब्रह्ममुहूर्त की महाआरती से ही बड़े बाबा के जयकारों से कोटवाधाम गूंज उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी, जो देर शाम तक बनी रही।श्रद्धालुओं ने स्वामी जी की ड्योढ़ी पर चादर और प्रसाद चढ़ाकर नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान कई भक्तों ने अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# भारतीय क्रिकेट जगत ने नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के बड़े नामों ने गुरुवार को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, और उम्मीद, हिम्मत और सकारात्मकता के संदेशों के साथ 2026 का स्वागत किया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।''

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, फैंस को ''बाउंड्री से भरे साल'' की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने ''बड़ा स्कोर'' करेंगे।

पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने एक प्रेरणा देने वाला संदेश साझा किया, जिसमें लोगों से खुद पर विश्वास बनाए रखने और अपना बेस्ट देने की कोशिश करते रहने की अपील की। युवराज ने कहा, ''जब दिन




मुश्किल हो, तो आप पीछे नहीं हटते, आप उठते हैं और इसे फिर से करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन पलों, लोगों और अनुभवों के लिए शुक्रगुजार हैं जिन्होंने बीते साल को बनाया। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दीं और कहा, ''नई शुरुआत और सभी के लिए 2026 खुशहाल हो। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस जश्न में शामिल हुए और उन्होंने एक पर्सनल नोट पोस्ट करके नए साल का स्वागत 'अपने पसंदीदा लोगों के साथ हाथ में हाथ डालकर' किया, साथ ही सभी को 2026 की शुभकामनाएं दीं।

## नव वर्ष पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

उज्जैन। नव वर्ष के अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ियों ने गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। श्री महाकाल पवन समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, राधा यादव, शेफाली वर्मा एवं रेणुका सिंह ठाकुर ने भस्म आरती में सहभागिता कर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

# ब्राज़ील के दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को हार्ट की समस्या, अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

रियो डी जेनेरियो। ब्राज़ील और रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार डिफेंडर रॉबर्टो कार्लोस को दिल से जुड़ी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्पेन के प्रतिष्ठित खेल अख़बार डियारियो एएस के अनुसार, 52 वर्षीय कार्लोस को ब्राज़ील में छुट्टियां मनाने के दौरान मेडिकल जांच करानी पड़ी, जिसमें उनके हृदय की कार्यप्रणाली में गड़बड़ी पाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबर्टो कार्लोस शुरुआत में पैर में छोटे रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉट) की जांच कराने पहुंचे थे। हालांकि, जब पूरे शरीर का एमआरआई किया गया तो डॉक्टरों को पता चला कि उनका दिल ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कर सर्जरी की गई, जिसमें हृदय में कैथेटर डाला गया। यह प्रक्रिया करीब 40 मिनट की होनी थी, लेकिन एक जटिलता के कारण सर्जरी लगभग तीन घंटे तक चली। राहत की बात यह रही कि ऑपरेशन




सफल रहा। फिलहाल रॉबर्टो कार्लोस खतरे से बाहर हैं, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में उन्हें अगले 48 घंटे तक अस्पताल में ही रखा जाएगा। अख़बार के अनुसार, रॉबर्टो कार्लोस से संपर्क करने पर उन्होंने कहा, ÿअब मैं ठीक हूं। रॉबर्टो कार्लोस फुटबॉल इतिहास के सबसे आक्रामक लेफ्ट बैक खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने ब्राज़ील के लिए 125 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और रियल मैड्रिड के साथ 11 साल तक शानदार करियर बिताया। वह 1998 फीफा वर्ल्ड कप की उपविजेता और 2002 वर्ल्ड कप जीतने वाली ब्राज़ील टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, उन्होंने 1997 और 1999 में कोपा अमेरिका जीता और रियल मैड्रिड के साथ तीन बार चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। रॉबर्टो कार्लोस अपने ऐतिहासिक बनाना फ्री किक के लिए भी दुनिया भर में मशहूर हैं। 1997 में फ्रांस के लियोन में हुए एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने 35 गज दूर से गेंद को अपने बाएं पैर के बाहरी हिस्से से ऐसा मोड़ा कि वह फ्रांस की तीन खिलाड़ियों की दीवार को चकमा देती हुई सीधे गोल में समा गई। यह गोल इतना असाधारण था कि वैज्ञानिकों ने भी इसका विश्लेषण किया। गेंद पहले पूरी तरह बाहर जाती हुई दिखाई दी, यहां तक कि गोल के पास खड़ा बॉल बॉय भी झुक गया, लेकिन आखिरी पल में गेंद ने अचानक दिशा बदली और नेट में चली गई। फ्रांस के गोलकीपर फैबियन बार्तेज़ हिल तक नहीं पाए। रॉबर्टो कार्लोस ने उस समय दावा किया था कि उन्होंने ऐसा शॉट पहले भी इंटर मिलान के लिए खेलते हुए रोमा के खिलाफ लगाया था, हालांकि 1997 जैसा करिश्मा वह दोबारा नहीं दोहरा सके।

# एशेज: सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित, उस्मान ख्वाजा को फिर मौका

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह मुकाबला 4 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगे। पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे। इसके बाद उन्होंने एडिलेड टेस्ट में वापसी की और टीम की कप्तानी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम ने एशेज अपने नाम कर ली। हालांकि, टीम प्रबंधन ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए कमिंस को शेष सीरीज में आराम देने का फैसला किया है। कमिंस भारत और श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया की अस्थायी टीम का भी हिस्सा हैं। इस बीच टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की अटकलों के बावजूद 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा को सिडनी टेस्ट के लिए टीम में बनाए रखा गया है। मौजूदा एशेज सीरीज में ख्वाजा ने बतौर सलामी बल्लेबाज शुरुआत की थी, लेकिन पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में पीठ में ऐंठन के कारण वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। इसके चलते वह ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहे और एडिलेड टेस्ट में भी शुरुआत में टीम में शामिल नहीं थे। हालांकि, स्टीव स्मिथ की बीमारी के कारण ख्वाजा को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया। चौथे एशेज टेस्ट में ख्वाजा ने मिडिल ऑर्डर में ट्रैविस हेड और जैक वेदराल्ड के साथ बल्लेबाजी की। इस मैच में उन्होंने पहली पारी में 52 गेंदों पर 29 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में वह खाता नहीं खोल सके। मौजूदा सीरीज में ख्वाजा अब तक तीन मैचों की पांच पारियों में 153 रन बना चुके हैं, जिसमें एडिलेड टेस्ट में लगाया गया एक अर्धशतक शामिल है। उनका औसत 30.60 का रहा है।

# नए साल में भारतीय हॉकी के सामने वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की बड़ी चुनौती

एजेंसी

नई दिल्ली। साल 2025 में शानदार उपलब्धियों के बाद भारतीय हॉकी टीम 2026 में बेहद व्यस्त और अहम अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ कदम रख रही है। एक ओर जहां टीम की नजरें एफआईएच हॉकी विश्व कप में मजबूत प्रदर्शन पर होंगी। दूसरी ओर जापान में होने वाले एशियन गेम्स में खिताब बचाने की चुनौती भी सामने होगी। नए साल की शुरुआत हीरो हॉकी इंडिया लीग (हीरो एचआईएल) के दूसरे सीजन से होगी, जो सफल वापसी के बाद एक बार फिर चर्चा में है। महिला हीरो एचआईएल का समापन 10 जनवरी को रांची में होगा, जबकि पुरुष हीरो एचआईएल 3 जनवरी से 26 जनवरी तक खेली जाएगी। इस दौरान मुकाबले चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होंगे, जबकि



फाइनल मैच कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा। घरेलू सीजन के बाद भारतीय पुरुष टीम एफआईएच प्रो लीग के भारतीय चरण में हिस्सा लेगी। यह मुकाबले 10 से 15 फरवरी के बीच राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होंगे। इसके बाद टीम ऑस्ट्रेलिया में 21 से 25 फरवरी तक शेष प्रो लीग मैच खेलेगी। जून में प्रो लीग के अंतिम मुकाबले नीदरलैंड्स और यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम मार्च में एक अहम चुनौती का सामना करेगी। टीम 8 से 14 मार्च तक हैदराबाद में आयोजित विश्व कप क्वालिफायर में खेलेगी। यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) में जगह बनाने का आखिरी मौका होगा। इस क्वालिफायर में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी। साल का सबसे बड़ा आयोजन एफआईएच हॉकी विश्व कप अगस्त में खेला जाएगा। बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट 15 से 30 अगस्त तक होगा, जहां भारतीय टीम हालिया ओलंपिक सफलता को आगे बढ़ाते हुए पदक जीतने का लक्ष्य रखेगी। सितंबर में भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें 20वें एशियन गेम्स के लिए जापान के आइची-नागोया रवाना होंगी।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026: ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीम घोषित, कमिंस-हेजलवुड-टिम डेविड शामिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी प्रारंभिक (प्रोविजनल) टीम का ऐलान कर दिया है। चोट से उबर रहे पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और टिम डेविड को टीम में शामिल किया गया है। टीम की कमान एक बार फिर मिचेल मार्श के हाथों में होगी। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि कमिंस, हेजलवुड और टिम डेविड की रिकवरी सही दिशा में है और तीनों के टूर्नामेंट तक फिट होने की पूरी उम्मीद है। कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे हैं और इस महीने के अंत में उनका स्कैन होगा, जिसके बाद अंतिम टीम पर फैसला लिया जाएगा। बता दें की टिम डेविड को बॉक्सिंग डे पर बिग बैश लीग मैच के दौरान ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी।

# तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से होगा लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर 01 फरवरी से लागू होंगे। तंबाकू और पान मसाला पर लगने वाले नए कर, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अतिरिक्त होंगे। ये उस क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लगा, जो वर्तमान में ऐसे ''हानिकारक उत्पादों'' पर लगाया जा रहा है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, एक फरवरी, 2026 से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और इसी तरह के उत्पादों पर 40 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा जबकि 'बीड़ी' पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगेगा। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू व



गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण एवं शुल्क संग्रह) नियम, 2026 बुधवार देर रात को अधिसूचित किए। उल्लेखनीय है कि संसद ने उन दो विधेयकों को दिसंबर में मंजूरी दी थी, जो पान मसाला बनाने पर नए स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर और तंबाकू पर उत्पाद शुल्क लगाने की अनुमति देते हैं। केंद्र सरकार ने इन शुल्क के एक फरवरी से लागू होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के मुताबिक अलग-अलग दरों पर लगाया जाने वाला मौजूदा जीएसटी मुआवजा उपकर एक फरवरी से समाप्त हो जाएगा।

# तरुण गर्ग ने हुंडई मोटर इंडिया के एमडी एवं सीईओ पद का कार्यभार संभाला

एजेंसी

नई दिल्ली। तरुण गर्ग ने हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार गुरुवार को संभाल लिया। दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर कंपनी की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की स्थापना के 29 वर्ष बाद यह पहली बार है, जब कोई भारतीय नागरिक इसका नेतृत्व कर रहा है। तरुण गर्ग, उनसू किम का स्थान लेंगे, जो दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी (एचएमसी) में रणनीतिक भूमिका में लौट रहे हैं। गर्ग ने अपनी नई भूमिका पर कहा, ''मेरा लक्ष्य मजबूत नींव पर आगे बढ़ते हुए एचएमएल को सतत वृद्धि, प्रौद्योगिकी नेतृत्व और ग्राहक संतुष्टि की ओर अग्रसर करना है।'' तरूण गर्ग ने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियर और आईआईएम



लखनऊ से एमबीए की पढ़ाई पूरी की हैं। कंपनी के मुताबिक ऑटोमोटिव क्षेत्र में तीन दशकों से ज्यादा के अनुभव के साथ तरूण गर्ग के पास एचएमआईएल के भारत में विकास के दूसरे चरण का नेतृत्व करने के लिए सही विशेषज्ञता है। हुंडई से पहले तरुण गर्ग ने मारुति सुजुकी में एक लंबा और सफल करियर बनाया, जहां वे मार्केटिंग, लॉजिस्टिक्स, पार्ट्स एंड एक्सेसरीज विभाग के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर के पद तक पहुंचे।

# विमान ईंधन एटीएफ की कीमत में 7.3 फीसदी की भारी कटौती, नई दरें लागू



एजेंसी

नई दिल्ली। नए साल के पहले दिन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमत में 7.3 फीसदी की भारी कटौती है। विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की नई दरें गुरुवार से लागू हो गई है।इस कटौती के बाद नई दिल्ली में एटीएफ की कीमत 7,353.75 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 7.3 फीसदी की कटौती के साथ 92,323.02 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। हालांकि, मूल्य परिवर्तन के प्रभाव पर विमानन कंपनियों ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। इसके अलावा मुंबई में एटीएफ की कीमत संशोधित होकर 86,352.19 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में कीमतें क्रमशः 95,770 रुपये और 95,378.02 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुंच गई है। स्थानीय करों के कारण शहरों में ईंधन की कीमतें अलग-अलग होती हैं।

# सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट 1,310 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। ग्लोबल मार्केट में पिछले लगातार तीन सत्र के दौरान हुई जोरदार मुनाफा वसूली के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कमजोरी आ गई है। सर्राफा बाजार में आज हाजिर सोना 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में आई इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,34,880 रुपये से लेकर 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,23,640 रुपये से लेकर 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 2,38,900 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,35,030 प्रति 10 ग्राम



के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,34,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,34,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,34,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14233-SLR-F2-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14210-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14210-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 24204-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14231-SLR-F1-PYGS-BST-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14233-SLR-R1-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.Ireps.gov.In |

4038/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युवा देश के लिए एआई सकारात्मक बदलाव का बड़ा अवसर : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था और समाज को नई दिशा दे रही है। यह हमारे सीखने, काम करने, आधुनिक सेवाओं तक पहुंच और मानवता की बड़ी चुनौतियों से निपटने के तरीकों को तेजी से बदल रहा है। भारत जैसे युवा देश के लिए एआई केवल तकनीक नहीं बल्कि सकारात्मक बदलाव का बड़ा अवसर है।

राष्ट्रपति आज राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को भविष्य की एआई प्रवीणता से जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय जागरूकता अभियान 'स्किल द नेशन चैलेंज' का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्चुअल माध्यम से ओडिशा के रायरांगपुर में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति ने कहा कि त्रभारत का दृष्टिकोण हमेशा से यह रहा है कि तकनीक लोगों को सशक्त बनाए, समावेशी हो और सभी के लिए अवसर पैदा करे। एआई का उपयोग सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी खाइयों को पाटने के लिए किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इसके लाभ हर वर्ग, हर उम्र और खासकर हाशिये पर खड़े समुदायों तक पहुंचे।'

उन्होंने यह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की



कि छात्र खुद को संभावनाओं और अवसरों से भरे भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों से आग्रह किया कि वे यह याद रखें कि तकनीक, ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा, समस्याओं के समाधान और दूसरों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। उन्होंने उन संसद सदस्यों की भी सराहना की जिन्होंने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरे किए हैं और कहा कि उभरती तकनीकों को स्वयं सीखकर उन्होंने नेतृत्व का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि त्रआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण ग्रोथ ड्राइवर के रूप में उभर रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है और आने वाले दशक में एआई देश की जीडीपी, रोजगार सृजन और कुल उत्पादकता में अहम भूमिका निभाएगा।' उन्होंने कहा कि त्रडेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशल भारत के एआई टैलेंट पूल को मजबूत करने में प्रभावी साबित होंगे। उन्होंने बताया कि सरकार विभिन्न संस्थानों, उद्योग जगत और अकादमिक क्षेत्र के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि भारत न केवल तकनीक को अपनाए, बल्कि उसके माध्यम से एक जिम्मेदार और समावेशी भविष्य भी गढ़े। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने और तकनीक आधारित, समृद्ध व समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि त्रडिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ-साथ भारत को एआई के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनाने के लिए इंडिया एआई मिशन चलाया जा रहा है।' उन्होंने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की स्किलिंग फॉर एआई रेडिनेस (एसओएआर) पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे एआई के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा।

## हरीश रावत अब चुनाव नहीं लड़ेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस कार्य समिति के सदस्य , उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को कहा कि वह अब कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन अगले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में कंग्रेस को बहुमत से जिताने के लिए पूरी ताकत से पार्टी के साथ खड़े रहेंगे।

श्री रावत ने यहां पत्रकारों से कहा कि उन्होंने तय कर लिया है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन कंग्रेस उत्तराखंड में अगला विधानसभा चुनाव जीते इसके लिए वह अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करेंगे और पार्टी उम्मीदवारों के साथ सक्रिय रहेंगे। पार्टी से नाराजगी संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, वह पार्टी के सिपाही हैं और कंग्रेस की मजबूती के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे लेकिन चुनाव नहीं लड़ेंगे।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासन में उत्तराखंड बदहाल स्थिति में पहुंच गया है इसलिए पूरा माहौल कंग्रेस के पक्ष में है। अब जब भी चुनाव होंगे, कोई भी करिश्मा भाजपा को जिता नहीं सकता। उनका कहना था कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार जनविरोधी है और उसकी नीतियों से लोग तंग आ चुके है। यह पूछने पर कि जब उनके जैसे बड़े नेता चुनाव से दूर रहेंगे तो पार्टी कैसे चुनाव जीतेगी तो श्री रावत ने कहा कि पहले भी उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा लेकिन कंग्रेस की सरकार उत्तराखंड में बनी और इस बार वह पूरी तरह से पार्टी को चुनाव जिताने के लिए ही काम करेंगे। कंग्रेस संगठन में महत्व नहीं मिलने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि वह पार्टी के समर्पित सिपाही हैं और उन्होंने हमेशा समर्पण के साथ कंग्रेस के लिए काम किया है और आगे भी उसी भाव से पार्टी की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पार्टी से कोई शिकायत नहीं है और पार्टी की मजबूती के लिए वह बूथ लेबल पर भी काम करने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार से लोग पीछा छुड़ाना चाहते हैं और कंग्रेस को लाना चाहते हैं इसलिए जब भी चुनाव होंगे कंग्रेस की जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं पर आए दिन आरोप लग रहे हैं और उसके नेता भ्रष्टाचार में लिप्त में है।

### एयर इंडिया के पायलट को कनाडा में उड़ान से ठीक पहले हिरासत में लिया गया

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के एक पायलट को कनाडा के वैंकूवर हवाई अड्डे पर उड़ान से ठीक पहले नशे में होने के संदेह में स्थानीय अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। एयरलाइंस ने जांच पूरी होने तक पायलट को ड्यूटी से हटा दिया है। उड़ान संख्या एआई 186 गत 23 दिसंबर को वैंकूवर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने की तैयारी में थी, जब पायलट को हिरासत में लिया गया। सूत्रों के अनुसार, एक ड्यूटी-फ्री स्टोर के कर्मचारी को शक हुआ कि पायलट नशे में है। इसके बाद उसने अधिकारियों के सचेत किया। अधिकारियों ने पायलट की ब्रीद एनलाइजर (बीए) जांच की। जांच में विफल रहने के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कनाडा के अधिकारियों ने 'ड्यूटी के लिए फिटनेस संबंधी चिंताओं' के कारण प्रस्थान से कुछ समय पहले पायलट को विमान से उतार लिया, जिसके कारण अंतिम क्षणों में उड़ान में देरी हुई। पायलट को आगे की पूछताछ के लिए ले जाया गया।प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान के लिए दूसरे पायलट को ड्यूटी पर लगाया गया। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने तक पायलट को ड्यूटी से हटा दिया गया है। यदि जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो पायलट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### कारों के लिए नए फास्टैग पर केवाईवी अनिवार्यता खत्म, 1 फरवरी से लागू होगा नियम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नए साल पर देशवासियों को बड़ी राहत देते हुए 1 फरवरी 2026 से कार, जीप और वैन जैसी छोटी गाड़ियों के लिए जारी होने वाले नए फास्टैग पर नो योर व्हीकल (केवाईवी) प्रक्रिया की अनिवार्यता खत्म कर दी है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि यह कदम हाईवे यूज़र्स को फास्टैग एक्टिवेशन के बाद होने वाली असुविधा और देरी से बचाने के लिए उठाया गया है। अब वैध वाहन दस्तावेज के बावजूद केवाईवी की अतिरिक्त प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। एनएचएआई ने बताया कि पहले से जारी मौजूदा फास्टैग के लिए भी केवाईवी अब नियमित रूप से जरूरी नहीं होगा। केवल विशेष किसी मामले की शिकायत मिलने पर, गलत जारी होने पर या तकनीकी गड़बड़ी जैसे मामलों में केवीवाई कराना होगा । मंत्रालय ने कहा कि सिस्टम की सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई ने प्री-एक्टिवेशन वैलिडेशन नियमों को भी मजबूत किया है। अब फास्टैग एक्टिवेशन केवल वाहन डेटाबेस से वाहन विवरण की पुष्टि के बाद ही संभव होगा। पोस्ट-एक्टिवेशन वैलिडेशन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। जिन मामलों में वाहन पर वाहन की जानकारी उपलब्ध नहीं है, वहां जारी करने वाले बैंक को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) के आधार पर विवरण की पुष्टि करनी होगी। ऑनलाइन चैनलों से बेचे जाने वाले फास्टैग भी बैंकों द्वारा पूरी वैलिडेशन प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही सक्रिय किए जाएंगे। इन उपायों से यह सुनिश्चित होगा कि वाहन का सत्यापन पहले ही पूरा हो जाए और ग्राहकों को एक्टिवेशन के बाद बार-बार फॉलो-अप करने की परेशानी न उठानी पड़े।

### भारत-ईयू एफटीए में गैर-शुल्कीय बाधा का समाधान जरूरीः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यूरोपीय संघ (ईयू) के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज से यानी 1 जनवरी से भारतीय स्टील और एल्युमिनियम निर्यातकों को ईयू के 27 देशों में निर्यात पर कार्बन टैक्स देना होगा, जिससे भारतीय निर्यातकों पर अतिरिक्त लागत का बोझ पड़ेगा। रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का स्टील और एल्युमिनियम निर्यात औसतन 5.8 अरब डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के लगभग 7 अरब डॉलर से कम है। ईयू आयातक पहले से ही सीबीएएम लागू होने की तैयारी कर रहे थे, जिसके चलते हमारे निर्यात में गिरावट आई थी। थिंक-टैंक जीटीआरआई के अनुमान का हवाला देते हुए रमेश ने कहा कि भारतीय निर्यातकों को अपने उत्पादों की कीमत 15 से 22 प्रतिशत तक घटानी पड़ सकती है ताकि ईयू आयातक उस मार्जिन से कार्बन टैक्स चुका सकें। इसके अलावा, कार्बन उत्सर्जन का विस्तृत लेखा-जोखा और रिपोर्टिंग जैसी दस्तावेजी आवश्यकताएं भी भारतीय निर्यातकों पर अतिरिक्त लागत का बोझ डाल रही हैं।

## रक्षा मंत्रालय ने बीते वर्ष 3.84 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने 'सुधारों के वर्ष 2025' में रक्षा तैयारियों को पुख्ता बनाने के लिए तीनों सेनाओं के लिए 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक के खरीद सौदों को मंजूरी दी और मौजूदा वित्त वर्ष में अब तक 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय ने बीते वर्ष सेनाओं में संयुक्तता को मजबूत करने, रक्षा तैयारियों को सुदृढ़ करने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और कल्याणकारी प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से व्यापक सुधारों के कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति की। मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली रक्षा खरीद परिषद ने देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से बीते वर्ष जनवरी से लेकर दिसम्बर तक 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों को स्वीकृति दी जिसमें स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 में दिसंबर के अंत तक सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने दिसंबर के अंत तक पूंजीगत अधिग्रहण बजट के अंतर्गत लगभग 80 प्रतिशत, यानी करीब 1.2 लाख करोड़ रुपये का व्यय किया है। इसका इस्तेमाल सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए किया गया है। रक्षा मंत्रालय का कुल पूंजीगत व्यय भी 76 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिसमें पूंजीगत अधिग्रहण के अतिरिक्त अवसंरचना, भूमि, अनुसंधान एवं विकास आदि पर किया गया व्यय शामिल है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है। इसके तहत रक्षा विनिर्माण लाइसेंसों को सरल बनाया गया है, लघु इकाईयों की क्षमताओं को चिन्हित किया गया है और रक्षा खरीद में मांग-



आपूर्ति विश्लेषण को बेहतर बनाने के लिए मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट तैयार की गई हैं। इसके अतिरिक्त, परीक्षण और ट्रायल अवसंरचना प्रयोगशालाओं को निजी क्षेत्र के साथ साझा किया जा रहा है। नवाचार को प्रोत्साहित करने और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए रक्षा अनुसंधान अनुदानों का 25 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों और एमएसएमई को आवंटित किया गया है। समय-सीमा को कम करने के लिए खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। इसमें आई डेक्स मैनुअल का सरलीकरण, रक्षा निर्यात अनुमतियों का युक्तिकरण, रक्षा एक्सिम पोर्टल का पुनर्गठन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नीति का सरलीकरण तथा संशोधित वित्तीय अधिकार प्रत्यायोजन और खरीद मैनुअलों के माध्यम से विकेंद्रीकरण शामिल है। रक्षा खरीद मैनुअल 2025 को नवंबर से लागू किया गया है। सशस्त्र बलों के संयुक्त संचालन नियंत्रण केंद्र की स्थापना, सशस्त्र बलों के लिए विजन 2047 का प्रकाशन, भविष्य संचालन विश्लेषण समूह का गठन, संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना और एकीकृत क्षमता विकास योजना का अंतिम रूप देना विभिन्न चरणों में है। इस दिशा में उठाए गए कदमों का लाभ ऑपरेशन सिंदूर की योजना और क्रियान्वयन के दौरान देखने को मिला। मंत्रालय ने कहा है कि 'सुधारों के वर्ष 2025' के दौरान सुधारों की निरंतर गति ने रक्षा तैयारियों और संस्थागत दक्षता को मजबूत किया है। ये सुधार अलग-अलग पहल नहीं हैं, बल्कि आने वाले दशकों में देश की सुरक्षा हितों की रक्षा करने में सक्षम एक आधुनिक, एकीकृत और आत्मनिर्भर रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की सतत प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

## उप्र प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का किया दौरा, दूरदृष्टि और राष्ट्रीय भूमिका की सराहना

एजेंसी

गांधीनगर। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम. बोबड़े के नेतृत्व में गुरुवार को एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में हाई कोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू ) और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) के कुलपति शामिल थे। इस दौरे का उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं का आकलन करना और देश के आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में आरआरयू की बढ़ती भूमिका को समझना था। प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी गई कि आरआरयू की स्थापना नरेन्द्र मोदी और अमित



शाह की दूरदृष्टि के तहत की गई है। यह पुलिसिंग, आंतरिक सुरक्षा, रणनीतिक अध्ययन, फोरेंसिक विज्ञान, साइबर सुरक्षा और नेतृत्व विकास के लिए समर्पित देश का पहला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के अत्यधुनिक बुनियादी ढांचे का अवलोकन किया, जिसमें उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएं, अनुसंधान केंद्र और तकनीक-सक्षम प्रयोगशालाएं शामिल हैं। इन चर्चाओं के दौरान आरआरयू के उस विशिष्ट शैक्षणिक मॉडल पर प्रकाश डाला गया, जो नीति, व्यवहार और प्रौद्योगिकी को एकीकृत करता है। इसी कारण आरआरयू पुलिस, अर्धसैनिक बलों, सिविल सेवकों और सुरक्षा पेशेवरों के क्षमता निर्माण का एक राष्ट्रीय केंद्र बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदी पटेल ने अपने कार्यालय के माध्यम से आरआरयू की तेज प्रगति और इसके बढ़ते राष्ट्रीय प्रभाव की सराहना की। यह भी कहा गया कि आरआरयू सुरक्षा शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उभर रहा है और 'विकसित भारत अ2047' तथा अमृत काल की परिकल्पना के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस संवाद के माध्यम से यह भी दोहराया गया कि शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी निकायों के बीच सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और नवाचार के जरिए भारत की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा।

## ईडी ने रियल मनी गेमिंग कंपनी की 192 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बेंगलुरु आंचलिक कार्यालय ने मोबाइल ऐप विनज़ो के माध्यम से ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग सेवाओं का कारोबार करने वाली फर्म मेसर्स विनज़ो प्रा.लि. के लिए लेखा कार्य करने वाली लेखा फर्म के कार्यालय परिसर में तलाशी अभियान में विनजो की एक अनुषंगी की 192 करोड़ रुपये की परिसम्पत्ति जब्त कर ली है।

ईडी ने मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जांच कर रही है और तलाशी तथा जब्ती 30 दिसंबर को की गयी। ईडी की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार विनज़ो प्रा.लि. के शत प्रतिशत नियंत्रण वाली अनुषंगी ज़ो गेम्स प्रालिके पास मौजूद लगभग 192 करोड़ रुपये की बैंक जमाओं, सावधि जमा और म्यूचुअल फंड निवेश जब्त कर लिये गये हैं। जांच एजेंसी के अनुसार ये परिसम्पत्तियांअपराध से अर्जित आय की है। इससे पहले ईडी ने गत 11 नवंबर को विनज़ो के कार्यालय परिसरों तथा इसके निदेशक के आवासीय परिसरों पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की थी। जांच एजेंसी के अनुसार तलाशी और जांच में प्राप्त साक्ष्यों से पता चला कि कंपनी आपराधिक गतिविधियों और अनैतिक प्रथाओं में संलिप्त थी। उसके ग्राहक कथित तौर पर इंसानों के बजाय बोट, एआई, एल्गोरिदम और सॉफ्टवेयर के साथ आलनाइन रीयल मनी गेम खेल खेलते थे और उन्हें इसका पता नहीं था। उन्हें रियल मनी गेम्स में खेलने के लिए बाध्य किया गया। जांच के अनुसार विनज़ो ने ग्राहकों के वॉलेट में पड़ी धनराशि की निकासी को रोक दिया था, या सीमित कर दिया था। कंपनी ने बोट और एआई जैसे माध्यमों के साथ वास्तविक खिलाड़ियों के बीच खेले गये मैचों से 'रेक कमीशन' के रूप में भी अपराध से अर्जित आय उत्पन्न की।

## एयर मार्शल कपूर ने वायु सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। एयर मार्शल नागेश कपूर ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के स्थान पर इस पद पर नियुक्त किया गया है जो 40 वर्षों की गौरवशाली और विशिष्ट सेवा के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हो गये।

सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक, विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत एयर मार्शल कपूर ने दिसंबर 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक उपाधि प्राप्त की और 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की युद्धक विमान इकाई में शामिल हुए। अनुभवी युद्धक पायलट और योग्य उड़ान प्रशिक्षक के रूप में उन्हें मिग-21 और मिग-29 के सभी विमान उडाने तथा विभिन्न युद्धक और प्रशिक्षण विमानों में 3400 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।

रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा



कॉलेज से प्रशिक्षित एयर मार्शल कपूर ने 39 वर्षों से अधिक की गौरवशाली सेवा में कमान, परिचालन, प्रशिक्षण और स्टाफ पदों पर कार्य किया है। उनके कार्यकाल में मध्य क्षेत्र में युद्धक स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर, पश्चिमी क्षेत्र में फ्लाइंग बेस के स्टेशन कमांडर और प्रमुख एयर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर सेवा शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यों में वह वायु सेना अकादमी में मुख्य प्रशिक्षक (फ्लाइंग) और वेलिंगटन स्थित प्रतिष्ठित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज में डायरेक्टिंग स्टाफ रहें। एयर मार्शल कपूर ने वायु सेना अकादमी में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय वायु सेना में पीसी-7 एमके ऋ विमान शामिल कराने और उनके परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एयर मार्शल कपूर ने पाकिस्तान में रक्षा अताची के रूप में भी राजनयिक दायित्व का निर्वहन किया। उनके प्रमुख पदों में वायु मुख्यालय में सहायक वायु सेना प्रमुख संचालन (रणनीति), दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर, केंद्रीय वायु कमान मुख्यालय में वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी और वायु मुख्यालय में कार्मिक प्रभारी वायु अधिकारी शामिल हैं। वायुसेना उप प्रमुख का पदभार ग्रहण करने से पहले एयर मार्शल कपूर ने प्रशिक्षण कमान के वायु अधिकारी कमान-इन-चीफ और उसके बाद दक्षिण पश्चिमी वायुसेना कमान के कमान-इन-चीफ के रूप में कार्य किया। उनकी अनुकरणीय और विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें वर्ष 2008 में वायु सेना पदक, वर्ष 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक , वर्ष 2025 में राष्ट्रपति द्वारा परम विशिष्ट सेवा पदक और सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश के 64 सामुदायिक ....

में 16, मऊ में चार, मुरादाबाद के दो, रायबरेली के पांच, सम्भल के तीन सीएचसी और सोनभद्र के दो. सुल्तानपुर के चार सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीनें लगाई जाएंगी। इसी तरह देवरिया, रामपुर, प्रयागराज, पीलीभीत, मेरठ, महराजगंज, महोबा, कौशाम्बी, हरदोई, बस्ती, बरेली एवं बलिया के एक-एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई जाएंगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। ये होंगे लाभ-तेज़ और सटीक परिणामः डिजिटल एक्सरे मशीनें तेजी से और सटीक परिणाम देती हैं, जिससे डॉक्टरों को जल्दी से जल्दी इलाज शुरू करने में मदद मिलती है। रसायन फ्रीः डिजिटल एक्सरे में कैमिकल्स का उपयोग नहीं होता, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता। साफ इमेज -डिजिटल एक्सरे की छवियों को कंप्यूटर पर स्टोर किया जा सकता है, जिससे उन्हें आसानी से एक्सेस और शेयर किया जा सकता है। सटीक रिपोर्टः-डिजिटल एक्सरे की छवियों को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की मदद से सुधार किया जा सकता है, जिससे अधिक सटीक निदान किया जा सकता है। स्वास्थ्य के लिए कम हानिकारकः- डिजिटल एक्सरे मशीनें पारंपरिक एक्सरे मशीनों की तुलना में कम विकिरण का उपयोग करती हैं, जिससे स्वास्थ्य के लिए कम हानिकारक होती हैं।

### लखनऊ, रायबरेली...

एआरटीओ रायबरेली अंबुज, पीटीओ रेहाना, एआरटीओ लखनऊ राजीव बंसल और दलाल विनोद समेत कई अन्य नामजद कराए गए थे। 29 नवंबर को पीटीओ और सिपाही निलम्बित हुए परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने इस मामले में लखनऊ के पीटीओ मनोज कुमार, रायबरेली की पीटीओ रेहाना बानो व फतेहपुर के अखिलेश चतुर्वेदी को 29 नवम्बर को निलम्बित कर दिया गया था, इन सभी को परिवहन आयुक्त कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। इसके अलावा लखनऊ के प्रवर्तन पर्यवेक्षक अनुज, उन्नाव के प्रवर्तन पर्यवेक्षक इंद्रजीत सिंह, उन्नाव के प्रवर्तन सिपाही रंजीत कुमार और प्रदीप सिंह, रायबरेली के प्रवर्तन चालक नौशाद को भी निलम्बित किया जा चुका है। इन सभी की विभागीय जांच उप परिवहन आयुक्त (नगर परिवहन) विजय सिंह कर रहे हैं।

### डीआरडीओ के हथियारों...

कार्य को सरल, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ का आह्वान किया कि वह तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढे और बदलते समय के अनुरूप उत्पाद विकसित करे। उन्होंने संगठन से नवाचार पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान करने का आग्रह किया। अगली पीढ़ी की तकनीकों के क्षेत्र में डीआरडीओ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रगति से न केवल देश की क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र भी सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया हर दिन बदल रही है। प्रौद्योगिकी , नवाचार और युद्ध के नए क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं, जिससे कल का ज्ञान अप्रासंगिक होता जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , डीआरडीओ के महानिदेशक, कॉरपोरेट निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक और अधिकारी भी मौजूद थे।

### जीएसटी संग्रह दिसंबर...

वृद्धि हुई और यह 2,25,033 करोड़ रुपये रहा। इस प्रकार वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 6.8 फीसदी ऊपर 14,25,006 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

### 40 लोगों के मारे ...

दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर 10 मिनट में रेस्क्यू हेलिकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलिकॉप्टर मदद के काम में लगाए गए हैं। इटली ने भी एक हेलिकॉप्टर भेजा है।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने अपनी मां परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी माता परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने पिता कविराज स्व. रामलखन सिंह एवं अपनी धर्मपत्नी स्व. मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार, पुत्र निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ जितेन्द्र कुमार, विधायक रूहेल रंजन, विधायक शुभानंद मुकेश, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद ललन सर्राफ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदयकांत, पूर्व विधायक सुनील, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा-अर्चना भी की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्यायें सुनी और उसके समाधान के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव स्थित तालाब में मछलियों को दाना भी डाला।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने नव वर्ष पर मरघट वाले हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को यहां के यमुना बाजार स्थित मरघट वाले हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बजरंगबली से हर दिल्लीवासी की सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि नया साल सभी के जीवन में नई आशाएं और नए अवसर लेकर आए, जय बजरंगबली। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नववर्ष का यह शुभ अवसर दिल्ली के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नई आशा, सकारात्मक ऊर्ज़ा और सतत प्रगति का संदेश लेकर आए। ईश्वर से प्रार्थना है कि आने वाला समय आपके प्रयासों को सफल बनाए तथा आपका जीवन सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की सेवा और जनहित के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इस वर्ष नई ऊर्ज़ा और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ क्रियान्वित होगी। विकास और सुशासन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ती दिल्ली की मूल शक्ति उसके नागरिकों का विश्वास और सक्रिय सहभागिता है। यह नववर्ष एक सशक्त, समावेशी और समृद्ध राजधानी के निर्माण की साझा जिम्मेदारी को और अधिक प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।

# जरूरतमंदों के बीच सामाजिक सुरक्षा कोषांग से 3420 कम्बलों का होगा वितरण : डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने सामाजिक सुरक्षा के अधीन वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत बीती रात कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, काली मंदिर, रेन बसेरा एवं अन्य स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। द्विवेदी ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कटिहार जिला अंतर्गत कुल 3420 कम्बलों का वितरण किया जाना है, जिसमें से आज पहले चरण में कई जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीबों के लिए कंबल वितरण एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें ठंड से बचाने में मदद करेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि रात के समय भ्रमण कर जरूरतमंदों को ठंड से बचाव की सामग्री का वितरण किया जाय, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त, नगर निगम कटिहार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जरूरतमंदों ने जिलाधिकारी और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि इस पहल से उन्हें ठंड से बचने में मदद मिलेगी।

# अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की पाठशाला है एनएसएस शिविर: गणेश जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने यहां कालिदास मार्ग स्थित सैनिक विश्राम गृह में डीएवी इंटर कॉलेज, करनपुर की ओर से आयोजित एनएसएस शिविर के एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह शिविर नशामुक्ति, जन-जागरूकता, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता एवं युवा प्रेरणा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि एनएसएस शिविर केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व को आत्मसात करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि एकता और अनुशासन केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं और देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। नशामुक्ति पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र को कमजोर करता है। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य युवाओं को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मतदाता जागरूकता के विषय में उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला होता है। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से सजग मतदाता बनकर दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि एनएसएस के विद्यार्थी आज के छात्र ही नहीं, बल्कि कल के नेता, अधिकारी, सैनिक और समाज निर्माता हैं। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य ऊँचे रखने, अनुशासन को जीवन का आधार बनाने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए शिविर के सफल आयोजन की कामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, अनिल वर्मा, उप निदेशक सैनिक कल्याण निधि बधानी, प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद ढौंडियाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बबीता सहोत्रा, प्रवक्ता सवीन सिंह, मोहन बहुगुणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर जिले में बुधवार को एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया बताया कि यह घटना गढ़शंकर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोर्हा गांव में जल आपूर्ति कार्यालय के पास बुधवार को हुई। ये चारों युवक श्री आनंदपुर साहिब से गढ़शंकर की ओर मोटरसाइकिल पर यात्रा कर रहे थे और एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए गढ़शंकर स्थित सिविल अस्पताल ले गई। घायल व्यक्ति को भी उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है। मृतकों और घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और दुर्घटना में शामिल वाहन का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## बाथरूम के गीजर से गैस लीक होने से लड़की की मौत

जालंधर। पंजाब के जालंधर में बुधवार रात बाथरूम के गीजर से गैस लीक होने से शिवसेना नेता दीपक कंबोज की बेटी की जान चली गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जालंधर के मिट्ठा बाजार क्षेत्र में बाथरूम में लगे गीजर से गैस लीक होने के कारण शिवसेना के उत्तर भारत प्रमुख दीपक कंबोज की 22 वर्षीय बेटी मुनमुन की दम घुटने से मौत हो गई। श्री कंबोज ने बताया कि बेटी का जन्मदिन था, जिसके लिए घर में खास तैयारियां की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी बाथरूम गई थीं। इसी दौरान गीजर की पाइप में तकनीकी खराबी के कारण गैस का रिसाव होने लगा। बाथरूम बंद होने से गैस अंदर ही भर गई, जिससे मुनमुन को सांस लेने में परेशानी हुई और वह बेहोश हो गई। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो मुनमुन अचेत अवस्था में पड़ी थीं। परिजन उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके।

# डीएम ने मुनि की रेती में किया औचक निरीक्षण, रैन बसेरा में ठहरे बीमार व्यक्ति के त्वरित उपचार के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

टिहरी। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल ने गुरुवार को मुनि की रेती क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरा में ठहरे बीमार व्यक्ति के त्वरित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पूर्णानंद पार्किंग के बाहर लीक हो रही पानी की टंकी का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुनि की रेती स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी मिलने पर



कि रैन बसेरा में एक बीमार व्यक्ति ठहरा हुआ है, जिलाधिकारी ने तुरंत उप-जिलाधिकारी के माध्यम से चिकित्सक की व्यवस्था कर उक्त व्यक्ति का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रैन बसेरा में ठहरे जरूरतमंद लोगों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शीतकाल को देखते हुए हीटर, कंबल, चादर, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हर समय सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि रैन बसेरा में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि सर्दी के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति असहाय या उपेक्षित न रहे और सभी को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर सीडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल, ईओ मुनि की रेती अंकिता जोशी, तहसीलदार अयोध्या उनियाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़-मोहाली-पंचकूला ट्राई सिटी में सुबह से लगातार तेज बारिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, पंजाब के मोहाली और हरियाणा के पंचकूला सहित ट्राई सिटी में साल के पहले दिन गुरुवार को सुबह से लगातार तेज बारिश हो रही है। सुबह होते ही आसमान में घने बादल छा गये और इसके बाद रुक-रुक कर तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। इस अचानक बदले मौसम के कारण लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिली है, और वातावरण में भी ताजगी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने जनवरी के पहले सप्ताह में बारिश के आसार जताये थे। आने वाले दिनों में मौसम में और भी बदलाव देखने को मिल सकता है। सुबह से जारी बारिश के कारण ट्राई सिटी के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे ठंड का असर कुछ कम हुआ है। बारिश के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गयी है और सुबह के समय दफ्तर जाने वाले लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा। लंबे समय से शुष्क मौसम और प्रदूषण से जूझ रहे लोगों के लिए यह बारिश राहत लेकर आयी है। बारिश के बाद हवा की गुणवत्ता में भी सुधार आने की उम्मीद जतायी जा रही है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में घना कोहरा छाया हुआ था, जिसके कारण दृश्यता कम हो गयी थी और जनजीवन प्रभावित हो रहा था। साथ ही शुष्क मौसम के कारण किसानों और आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

# बीएचईएल दिवस हमारी साझा औद्योगिक विरासत का प्रतीक: रंजन कुमार

## हरिद्वार इकाई में हर्षोल्लास से मनाया गया बीएचईएल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने विगत वर्षों की भांति अपना वार्षिक पर्व बीएचईएल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने हीप एवं सीएफएफपी, दोनों ही इकाइयों में बीएचईएल ध्वज फहराया। साथ ही बीएचईएल कर्मियों को संस्थान की गरिमा एवं मूल्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए बीएचईएल प्रतिज्ञा भी दिलायी। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, बीएचईएल दिवस तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीएचईएल दिवस का यह समारोह, मात्र एक उत्सव नहीं बल्कि यह हमारी साझा औद्योगिक विरासत का प्रतीक है रंजन ने बताया कि बीता वर्ष 2025, बीएचईएल के लिए अनेक अवसरों से भरा रहा। उन्होंने बीते वर्ष में हरिद्वार इकाई समेत, बीएचईएल की अर्जित विभिन्न उपलब्धियों को भी सभी के साथ साझा किया। साथ ही बची हुई तिमाही में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जी जान से जुट जाने का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रेरणात्मक बीएचईएल गीत का प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा सीआईएसएफ के अधिकारी व जवान आदि उपस्थित रहे।

## पंजाब में नव वर्ष की सुबह का स्वागत बारिश से

जालंधर। पंजाब और चंडीगढ़ में गुरुवार को नए साल का शुभारंभ बारिश के साथ हुआ। राज्य जालंधर, चंडीगढ़, मोहाली और लुधियाना के कई इलाकों में सुबह बारिश दर्ज की गई। हालांकि शीत लहर और धुंध भी बनी हुई है। मौसम विभाग की तरफ से पहले ही लोगों को घने कोहरे, हल्की बारिश और शीत लहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं न्यूनतम और अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तापमान में 0.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री के साथ गुरदासपुर सबसे ठंडा रहा। वहीं, अमृतसर और चंडीगढ़ में दृश्यता जीरो, लुधियाना में 10 मीटर, पटियाला में 20 मीटर, जबकि हलवारा, गुरदासपुर, पठानकोट, बठिंडा और बल्लोवाल सौंकड़ी में 50 मीटर से कम दृश्यता दर्ज की गई। विभाग के मुताबिक इस समय उत्तर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, जो ऊपरी वायुमंडल में सक्रिय है। दक्षिण पंजाब और आसपास के इलाकों में ऊंचाई पर तेज हवाएं चल रही हैं। वहीं उत्तर हरियाणा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भी ऊपरी हवा का प्रभाव बना हुआ है। ऐसे में आज पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और एसएएस नगर (मोहाली) में कुछ इलाकों में गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063